मासिक करंट अफेयर्स

पीसीएस परीक्षाओं के लिए

(वन लाइनर आधारित)

अक्टूबर 2019

Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co

मासिक करंट अफेयर्स

अक्टूबर-2019

प्रिय पाठकों,
यह मासिक करंट अफेयर्स "**अक्टूबर-2019**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस फ़ाइल आगामी State PCS परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. भुगतान और निपटान प्रणाली में नवाचारों और विचारों को बढ़ावा देने के लिए दो प्रतियोगिताओं की घोषणा **भारतीय रिजर्व बैंक ने** की।
   नोट: चयनित प्रतिभागियों को **प्रख्यात व्यक्तियों की निर्णायक समिति के समक्ष** अपने विचारों को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा, जबकि उत्कृष्ट नवप्रवर्तकों को पुरस्कार और उद्धरण दिए जाएंगे। प्रतियोगिता का आयोजन इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (IDRBT), हैदराबाद के माध्यम से किया जाएगा। प्रस्तुतियां ऑफलाइन भुगतान, फीचर फोन उपयोगकर्ताओं के लिए भुगतान विकल्प, सरल और आसान अपने ग्राहक को जानो, स्वचालित ऑनलाइन विवाद निवारण प्रणाली के अंतर्गत की जा सकती हैं।
2. स्वास्थ्य, मृत्यु और बीमारी कवर प्रदान करने वाला उत्पाद पेश करने के लिए रेलिगेयर हेल्थ इंश्योरेंस के साथ **PNB मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने** करार किया।
   नोट: यह समझौता जीवन बीमाकर्ता के वितरण चैनल भागीदारों को अतिरिक्त कमाई के अवसर प्रदान करेगा। यह उत्पाद ग्राहक के लिए सिंगल पॉलिसी सुनिश्चित करने के लिए एक सहज समेकित प्रयोग होगा।
3. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने **जय भगवान भोरिया** को PMC बैंक के **प्रशासक** पद पर नियुक्त किया।
   नोट: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने पंजाब एवं महाराष्ट्र सहकारी बैंक लिमिटेड, मुंबई के बोर्ड को अपदस्थ कर दिया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, जमाकर्ताओं के लिए बैंक से निकासी की धनराशि एक हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपये कर दी गई है।RBI के निर्देश छह महीने की अवधि के लिए लागू रहेंगे।
4. भारतीय सेना के साथ **बैंक ऑफ बड़ौदा ने** एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अंतर्गत बैंक खाताधारकों को अनेक सुविधाओं के साथ विशिष्ट सेवाएं प्रदान करेगा।
   नोट: समझौता ज्ञापन में **नि:शुल्क व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर**, 15 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक का नि:शुल्क हवाई दुर्घटना बीमा कवर, और निवल मासिक वेतन के तीन गुना तक ओवरड्राफ्ट सुविधा शामिल है। 70 वर्ष की आयु तक के भारतीय सेना के पेंशनभोगियों के लिए भी यह सुविधाएं लागू हैं।
5. कर प्रणाली में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक कंप्यूटर-जनित **दस्तावेज पहचान संख्या (DIN) केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT)** ने शुरू की।
   नोट: CBDT के अनुसार, DIN प्रणाली **1 अक्टूबर, 2019 से चालू** हो गई है। यह **प्रणाली आयकर विभाग** से सभी प्रकार के संचारों जैसे कर निर्धारण, **अपील, जांच, जुर्माना और सुधार** पर लागू होगी। यह प्रणाली करदाताओं को जाली सूचना पत्र और पत्रों का पता लगाने में भी मदद करेगी क्योंकि विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर सूचना पत्र का सत्यापन किया जा सकेगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

6. भारत के निजी क्षेत्र के बैंक, **एक्सिस बैंक** ने डिजिटल सावधि जमा (FD) **'एक्सप्रेस FD'** उत्पाद शुरू करने की घोषणा की।
   नोट: यह ग्राहक को बैंक में बचत खाता खोले बिना डिजिटल माध्यम से तीन मिनट में FD खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है। 'एक्सप्रेस FD' आकर्षक ब्याज दरों, शून्य निकास शुल्क और 25% तक की राशि की परिपक्वता से पहले निकासी पर कोई जुर्माना नहीं लगाता है। एक ग्राहक 6 से 12 महीने की अवधि के लिए न्यूनतम 5,000 रुपये से अधिकतम 90,000 रुपये तक का एक्सप्रेस FD खाता खोल सकता है।
7. सार्वजनिक क्षेत्र के **यूको बैंक** ने तीन नए **डिजिटल उत्पाद- यू कैश, डिजीलॉकर** और **एक ऐप** लॉन्च किया।
   नोट: यू कैश ग्राहकों को डेबिट कार्ड का उपयोग किए बिना मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से ATM से पैसे निकालने की सुविधा प्रदान करता है। **डिजिलॉकर** का उद्देश्य कागजी दस्तावेजों के उपयोग को समाप्त करना और सत्यापित इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों को साझा करने में सक्षम बनाना है।
8. **भारतीय स्टेट बैंक** (SBI) ने अपने **मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ट लेंडिंग** (MCLR) ब्याज दरों में **10 आधार अंकों की कटौती** की घोषणा की।
   नोट: यह छठी बार है जब देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने चालू वित्त वर्ष में अपनी MCLR या न्यूनतम उधार दर में कटौती की है। रेपो रेट से जुडे ऋणों पर यह कटौती लागू नहीं है। इस कटौती के साथ, एक वर्ष की MCLR, जिससे सभी ऋण दरें जुड़ी हुई हैं, पहले के 8.15% के मुकाबले 8.05% निर्धारित की गई है।
9. रिलायंस म्यूचुअल फंड का परिवर्तित नाम **निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड है।**
   नोट: संगठन का नाम निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस द्वारा रिलायंस निप्पॉन लाइफ एसेट मैनेजमेंट में 75% हिस्सेदारी खरीदने के बाद बदल दिया गया। अब, निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड भारत में सबसे बड़ी विदेशी स्वामित्व वाली एसेट मैनेजमेंट कंपनी बन गई है। रिलायंस म्यूचुअल फंड में, रिलायंस कैपिटल और निप्पॉन लाइफ (जापान की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी) दोनों की 42.88% हिस्सेदारी थी, जबकि शेष हिस्सा सार्वजनिक शेयरधारकों के पास था।
10. **भारतीय रिजर्व बैंक** (RBI) ने केरल सरकार को **केरल बैंक** स्थापना के लिए अपनी अंतिम मंजूरी दी।
    नोट: इसकी स्थापना के साथ, प्रस्तावित केरल बैंक राज्य का सबसे बड़ा बैंकिंग नेटवर्क होगा। केरल बैंक की स्थापना का उद्देश्य सहकारी क्षेत्र को मजबूत करना था, जबकि विपक्ष ने आरोप लगाया था कि यह पारंपरिक सहकारी क्षेत्र को बर्बाद कर देगा।
11. वाहन कलपुर्जे निर्माता कंपनी **मिंडा इंडस्ट्रीज** ने 21 मिलियन में जर्मनी स्थित **डेल्विस ग्रुप की 100% इक्विटी पूंजी का अधिग्रहण** कर रही है।
    नोट: डेल्विस वाहन लाइट डिजाइन और इंजीनियरिंग कंपनी है। इसमें डेल्विस GmBH और इसकी दो पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां डेल्विस प्रॉडक्ट और डेल्विस सॉल्यूशंस शामिल हैं। मिंडा के पास एक विविध उत्पाद पोर्टफोलियो है जो सुरक्षा और नियंत्रण प्रणालियां हैं।
12. केंद्र सरकार ने **GST राजस्व** बढ़ाने के उपाय सुझाने के लिए अधिकारियों की **एक समिति का गठन** किया।
    नोट: समिति में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पंजाब के राज्य स्तर के GST आयुक्तों के अलावा केंद्र सरकार के अधिकारी भी शामिल हैं जिनमें GST के प्रधान आयुक्त और संयुक्त सचिव (राजस्व) शामिल हैं। समिति को कर राजस्व में कमी को रोकने के लिए तत्काल उपाय सुझाने और राजस्व संग्रह में सुधार के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर सुझाव देने को कहा गया है। यह कदम सितंबर में GST संग्रह में कमी के बाद उठाया गया।

13. अमेरिका स्थित प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी **मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस** के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020 में भारतीय अर्थव्यवस्था की अनुमानित विकास दर **5.8%।**

नोट: यह कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था कुछ हद तक दीर्घकालिक कारकों के कारण मंदी का सामना कर रही है।

14. दक्षिण एशिया की रिपोर्टों के अनुसार, **विश्व बैंक (WB)** ने वित्तीय वर्ष 2020 के लिए भारत के आर्थिक विकास के पूर्वानुमान **6%** कर दिया।

नोट: रिपोर्ट में ग्रामीण आय, घरेलू मांग में धीमी वृद्धि के कारण खपत में कमी और NBFC से ऋण को प्रमुख चुनौती के रूप में पहचाना गया है। कमजोर निवेश के पीछे संरचनात्मक कारक विश्व बैंक द्वारा पहचानी गई दूसरी चिंता थी।बांग्लादेश (इस वित्तीय वर्ष-7.2%) भूटान के बाद दक्षिण एशिया में दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है।

15. ICICI **बैंक** ने मुफ्त स्वास्थ्य बीमा **FD हेल्थ** वाली नई सावधि बीमा (FD) योजना शुरू करने की घोषणा की।

नोट: यह एक लाख रुपये की बीमा राशि के साथ नि:शुल्क गंभीर बीमारी से कवरेज सहित FD का दोहरा लाभ प्रदान करेगी। ग्राहकों को पहले वर्ष के लिए **नि:शुल्क बीमा कवर** की पेशकश की जाएगी और उसके बाद वे इसे नवीनीकृत कर सकते हैं। उद्योग में अपनी तरह की यह पहली योजना ग्राहक को न्यूनतम दो वर्षों के समय के लिए 2 लाख रुपये से 3 लाख रुपये तक की FD खोलने पर ICICI लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी से 1 लाख रुपये का मानार्थ गंभीर बीमारी सुरक्षा कवर प्रदान करती है।

16. **वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट** के अनुसार, IMF (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए **GDP विकास दर** के पूर्वानुमान को घटाकर **6.1%** किया।

नोट: IMF ने GDP विकास दर का पूर्वानुमान वर्ष 2019 के लिए 6.1% और वर्ष 2020 के लिए 7.0% पर संशोधित किया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका मुख्यालय वाशिंगटन, डी.सी. में है। IMF में 189 सदस्य देश हैं जो वैश्विक मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देने, वित्तीय स्थिरता सुरक्षित करने, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाने, अधिक रोजगार और सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और विश्व भर में अपने संसाधनों के लिए समय-समय पर विश्व बैंक पर निर्भर रहते हुए गरीबी को कम करने के लिए कार्यरत हैं।

17. भुगतान प्रणालियों की **'ऑन टैप'** अनुज्ञप्ति पर कुछ निर्देश और दिशानिर्देश **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने जारी किए।

नोट: RBI ने भारत बिल पेमेंट ऑपरेटिंग यूनिट (BBPOU), ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (TReDS) और व्हाइट लेबल ATM (WLAs) के लिए ऑन-टैप प्राधिकरण की पेशकश करने का निर्णय लिया है।भुगतान प्रणाली ऑपरेटरों को विभिन्न खुदरा भुगतान प्रणालियों के बीच पारस्परिकता सुनिश्चित करनी चाहिए। दिशानिर्देशों के अनुसार, इच्छुक संस्थाओं के पास न्यूनतम 100 करोड़ रुपये की निवल संपत्ति होनी चाहिए और इसे हमेशा बनाए रखना चाहिए।TReDS योजना फाइनेंसरों द्वारा छूट के माध्यम से कॉर्पोरेट खरीदारों पर आहरित MSME के बिलों के वित्तपोषण की सुविधा हेतु है।

18. **मास्टरकार्ड** ने भारत में डिजिटल भुगतान की स्वीकृति और इसे अपनाने में तेजी लाने के लिए **एम.एस. धोनी** के साथ **टीम कैशलेस इंडिया का राष्ट्रव्यापी पहल** की शुरुआत की।

नोट: इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं और व्यापारियों को "डिजिटल भुगतान बातचीत में आमने-सामने लाना" है। मास्टरकार्ड डिजिटल भुगतान स्वीकृति अवसंरचना को काम में लाने के लिए नामित व्यापारियों का समर्थन करने हेतु अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (CAIT), अधिग्राहक बैंकों और वित्त प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगा। **'टीम कैशलेस इंडिया'** में भाग लेने के लिए, कोई भी ऑनलाइन व्यापारियों को नामित कर सकता है या 9016861000 पर एक मिस्ड कॉल दे सकता है।

19. 7.5 बिलियन डॉलर कीमत के यूरोपीय सामानों पर **अमेरिका ने** शुल्क लगाया।

नोट: एयरबस, फ्रेंच वाइन और स्कॉटिश व्हिस्की प्रमुख हैं। शुल्क को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा अंतिम समय एक मिनट के तर्क और फ्रांसीसी अर्थव्यवस्था मंत्री ब्रूनो ले मायेर द्वारा प्रतिशोध की चेतावनी देने के बावजूद लगाया गया।

20. नीदरलैंड स्थित **होम क्रेडिट ग्रुप** की भारतीय शाखा ने देश भर में बैंक सेवा नहीं उपयोग करने वाले ग्राहकों को संयुक्त ऋण देने के लिए **करूर वैश्य बैंक (KVB) के** साथ समझौता किया।

नोट: इसमें 60,000 करोड़ रुपये के जमा आधार और 50,000 करोड़ रुपये के ऋण के साथ कुल 1.1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार है। होम क्रेडिट इंडिया (वर्ष 2012 में प्रारंभ) ने 20 राज्यों के 179 शहरों में अपना परिचालन शुरू किया है और सबसे बड़े निवेश के साथ उभरा जो एक करोड़ के ग्राहक आधार के साथ 10,000 रुपये की श्रेणी से कम है।करूर वैश्य बैंक एक 103 वर्ष पुराना अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है जिसका मुख्यालय तमिलनाडु के करूर में है।

21. चोलामंडलम MS जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड पर 1.01 करोड़ रुपये का जुर्माना **IRDAI ने** लगाया।

नोट: बीमाकर्ता पर निरीक्षण के दौरान पाए गए उल्लंघन के लिए दंड लगाया गया। 1 करोड़ रुपये का जुर्माना IRDA (स्वास्थ्य बीमा) विनियम, 2013 की अनुसूची I के खंड 15 के उल्लंघन के लिए है, जिसमें स्पष्ट निर्दिष्ट है कि पोर्टेड पॉलिसी की मंजूरी पर किसी भी मध्यस्थ को किसी प्रकार का कमीशन देय नहीं होगा। 1 लाख रुपये का एक अन्य जुर्माना मोटर बीमा के लिए है और यह बीमाकर्ता के हितों में भुगतान शर्तों से सहमत न होकर आउटसोर्सिंग दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए था।

22. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) से एक **गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी** का लाइसेंस **वृद्धि फाइनेंशियल सर्विस (VFS) ने** प्राप्त किया।

नोट: लाइसेंस का उद्देश्य टियर 2-3 शहरों और छोटे शहरों में कार्यरत सूक्ष्म उद्यमों को ऋण और अन्य सेवाएं प्रदान करना है। कंपनी अगले वित्तीय वर्ष तक एक डिजिटल ऋण मॉडल तैयार करेगी। अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC) द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, यह माइक्रो-एंटरप्राइज स्पेस में पतायोग्य और व्यवहार्य ऋण के बीच अंतर स्पष्ट करेगा जो कि 123 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

23. CSRI (क्रेडिट सुइस रिसर्च इंस्टीट्यूट) की **ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट** (10वां संस्करण) के अनुसार, वैश्विक संपत्ति -- **360 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर।**

नोट: भारत ने वैश्विक संपत्ति में 625 बिलियन डॉलर (कुल का लगभग 7%) का योगदान दिया। सर्वाधिक योगदान अमेरिका से 4 ट्रिलियन डॉलर (कुल का 45%) और चीन से 1.9 ट्रिलियन डॉलर (कुल का 21%) रहा। 14,569 अमेरिकी डॉलर पर भारत के लिए प्रति वयस्क व्यक्ति संपत्ति (वैश्विक रूप से 70,849 अमेरिकी डॉलर) वैश्विक औसत से लगभग 80% कम है।

24. **विजया बैंक विरासत संग्रहालय** का उद्घाटन **बेंगलुरु में** किया गया।

नोट: संग्रहालय में तस्वीरों का एक दुर्लभ संग्रह है जिसके माध्यम से बैंक के विकास को दर्शाया गया है। अब, विजया बैंक की स्मृतियां इसके इतिहास को समर्पित संग्रहालय में ताजा की जा सकती हैं। 1 अप्रैल 2019 को, पूर्व के विजया बैंक का तत्कालीन देना बैंक के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय कर दिया गया था।

25. **गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस** (GeM) ने अनेक सेवाएं प्रदान करने के लिए **फेडरल बैंक** के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

नोट: इन सेवाओं में पोर्टल पर पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को GeM पूल अकाउंट्स (GPA) के माध्यम से निधि हस्तांतरण सहित परफॉर्मेंस बैंक गारंटी (e-PBG) और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD) पर सलाह शामिल है। समझौता ज्ञापन पोर्टल पर एक कैशलेस, पेपरलेस और

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

पारदर्शी भुगतान प्रणाली की सुविधा प्रदान करेगा और सरकारी संस्थाओं के लिए एक कुशल खरीद प्रणाली तैयार करेगा।

26. सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक **इंडियन ओवरसीज बैंक** ने **यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड** के साथ मिलकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक **स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी** का अनावरण किया।
नोट: दोनों संस्थानों की समेकित तकनीकी के माध्यम से इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखाओं में ग्राहकों को समयोचित आधार पर पॉलिसी की पेशकश की गई। यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस द्वारा तैयार की गई को-ब्रांडेड हेल्थकेयर पॉलिसी 50,000 रुपये से लेकर 15 लाख रुपये तक की बीमा राशि के साथ दी जाती है।

27. बीमा विनियामक संस्था IRDAI ने किसके अंतर्गत दर्ज आवेदनों का मूल्यांकन करने के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया -- **रेग्युलेटरी सैंडबॉक्स दृष्टिकोण।**
नोट: समिति का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (बेंगलुरु) के निदेशक, **एस. सदगोपन** करेंगे। **रेग्युलेटरी सैंडबॉक्स (RS)** आमतौर पर नियंत्रित/परीक्षण विनियामक वातावरण में नए उत्पादों या सेवाओं के लाइव टेस्ट को दर्शाता है जिसके लिए नियामक परीक्षण के सीमित उद्देश्य के लिए कुछ छूट की अनुमति दे सकते हैं।

28. केंद्रीय वित्त मंत्री, **निर्मला सीतारमण** ने **परमहंस योगानंद की** 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष स्मारक सिक्का जारी किया।
नोट: श्री परमहंस योगानंद भारत की **योगदा सत्संग सोसाइटी** (YSS) और **सेल्फ रियलाइजेशन फैलोशिप** (SRF) संगठनों के संस्थापक थे।

29. भारत ने सऊदी अरब के साथ देश में **रुपे कार्ड** लॉन्च करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
नोट: रुपे एक अत्यधिक सुरक्षित नेटवर्क है जो साइबर हैकिंग से बचाता है और यह भारत का मास्टर कार्ड और वीज़ा संस्करण है।

30. **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** ने **तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक** पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।
नोट: बैंक को "RBI द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन न करने और वाणिज्यिक बैंकों द्वारा रिपोर्टिंग और FI दिशा-निर्देशों 2016 का चयन करने संबंधी गैर-अनुपालन" के लिए जुर्माना लगाया है। तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक का मुख्यालय तमिलनाडु के तूतकुड़ी में स्थित है।

31. **भारतीय रिजर्व बैंक** ने अपनी चौथी द्वैमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत नीतिगत रेपो रेट में **25 आधार अंक** कटौती की।
नोट: चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत **रेपो रेट तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंक घटकर** 5.40 प्रतिशत से 5.15 प्रतिशत हो गई। फलस्वरूप, LAF के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट घटकर **4.90 प्रतिशत** हो गई। बैंक दर और **सीमांत स्थायी सुविधा** (MSF) दर को घटाकर **5.40 प्रतिशत** कर दिया गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्ष 2019-20 के लिए वास्तविक GDP विकास दर को 6.9% से घटाकर 6.1% कर दिया है।

वर्तमान नीतिगत दरें:

पॉलिसी रेपो रेट	**5.15%**
रिवर्स रेपो रेट	**4.90 %**
सीमांत स्थाई सुविधा दर	**5.40%**
बैंक दर	**5.40%**
CRR	**4 %**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

SLR	18.75%

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध मैक्सिकन **गायक जोस जोस** का फ्लोरिडा के एक अस्पताल में निधन हो गया।
   नोट: जोस जोस को प्राय: 'El Principe de la Cancion' या 'The Prince of Song' कहा जाता था। उनका सफलतम एल्बम, सीक्रेटोस (Secretos) वर्ष 1984 में रिलीज किया गया था। चार दशक से अधिक के कैरियर में, गायक ने लाखों एल्बम रिलीज किए और 6 ग्रैमी नामांकन में भी चुने गए।
2. प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय **ओपेरा स्टार जेसी नॉर्मन** का अमेरिका के न्यूयॉर्क अस्पताल में निधन हो गया।
   नोट: उन्होंने 1970 के दशक में स्वयं को यूरोप में स्थापित किया और 1983 में न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन ओपेरा में पदार्पण किया। नॉर्मन ने कई प्रतिष्ठित कैनेडी सेंटर ऑनर (वर्ष 1997 में), एक ग्रैमी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (वर्ष 2006 में), नेशनल मेडल ऑफ आर्ट्स (वर्ष 2009 में) और फ्रांस का लीजन डि'ऑनर हासिल किया।
3. भारत में पोषण अनुसंधान के प्रतिष्ठित सदस्य कोलाथुर गोपालन का चेन्नई में निधन हो गया।
   नोट: डॉ. गोपालन पद्म श्री और पद्म भूषण प्राप्तकर्ता थे। डॉ. गोपालन ने वर्ष 1973 से 79 तक राष्ट्रीय पोषण संस्थान (NIN), हैदराबाद के निदेशक और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) के महानिदेशक सहित प्रमुख पदों पर कार्य किया।
4. शतायु दार्शनिक और सिक्का संग्राहक कृष्ण गोपालकृष्ण काडेकोडी का निज आवास पर निधन हो गया।
   नोट: उन्होंने एक राजस्व निरीक्षक के रूप में अपना करियर शुरू किया और बेलगावी में क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय में विशेष उपायुक्त के पद से सेवानिवृत्त हुए। वह पुर्तगाली अधिग्रहण से गोवा मुक्ति के बाद पणजी के पहले तहसीलदार थे। वह 64 देशों द्वारा जारी महात्मा गांधी के डाक टिकटों का अनूठा संग्रह करने के चलते भारत सरकार की ओर से स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता थे। उन्होंने बेलगावी में डाक टिकट एवं मुद्रा संग्राहक संघ की स्थापना की थी।
5. दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के एक प्रमुख पत्रकार फारूक खान का निधन हो गया।
   नोट: दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के एक प्रमुख पत्रकार और सांस्कृतिक कार्यकर्ता **फारूक खान** का कैंसर के कारण अपने गृहनगर डरबन में निधन हो गया। वह रंगभेद नीति के दौरान अपनी खोजी पत्रकारिता के लिए प्रसिद्ध थे।फारूक खान ने मिस इंडिया वर्ल्डवाइड सौंदर्य प्रतियोगिता के भाग के रूप में मिस इंडिया साउथ अफ्रीका की शुरुआत की थी।
6. प्रख्यात सैक्सोफोन वादक कादरी गोपालनाथ का कर्नाटक के मैंगलोर में निधन हो गया।
   नोट: कादरी को पश्चिमी उपकरण सैक्सोफोन को कर्नाटक संगीत की दुनिया में बड़ी तकनीकी कुशलता और कलात्मक संवेदनशीलता के साथ पेश करने का श्रेय दिया गया था।
7. प्रख्यात पत्रकार **कंवर सेन जॉली** का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।
   नोट: श्री जॉली वर्ष 1993 में PTI समाचार एजेंसी के उप महाप्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने भारत की प्रमुख समाचार एजेंसी PTI में 40 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य किया।
8. बांग्लादेशी कलाकार **कालिदास कर्माकर** का ढाका में निधन हो गया।
   नोट: उन्हें श्यान चित्रकारी में विशेषज्ञता प्राप्त थी।ललित कला में उनके योगदान के लिए उन्हें बांग्लादेश सरकार

द्वारा शिल्पकला पदक (2016) और एकुशे पदक (2018) से सम्मानित किया गया।

9. ओरेकल के CO-CEO (पिछले महीने तक) जिनका निधन हो गया -- मार्क हर्ड।
नोट: श्री हर्ड ने एक मजबूत इरादों वाले नेता के रूप में अपनी छवि बनाई, जिन्होंने हेवलेट पैकर्ड (HP) सहित दो कंपनियों के भाग्य को पुनर्जीवित करने में सहायता की, जहां वह पिछले दशक CEO थे। इससे पहले, हर्ड ने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले महीने अवकाश लिया था।

10. दिग्गज पहलवान दादू चौगुले का महाराष्ट्र के कोल्हापुर में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।
नोट: चौगुले ने वर्ष 1970 के दशक में महाराष्ट्र केसरी, रुस्तम हिंद केसरी, महान भारत केसरी जैसे कई प्रतिष्ठित खिताब जीते। उन्होंने वर्ष 1974 में न्यूजीलैंड में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता। दादू चौगुले खेल में आजीवन उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित ध्यानचंद पुरस्कार के प्राप्तकर्ता थे।

11. गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री दिलीप पारिख का अहमदाबाद में निधन हो गया।
नोट: उन्होंने वर्ष 1997-98 के दौरान राष्ट्रीय जनता पार्टी (RJP) से गुजरात के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया, जो शंकरसिंह वाघेला द्वारा शुरू की गई थी। पारिख ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भाजपा विधायक के रूप में की। पेशे से उद्योगपति पारिख ने गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

12. योग दादी के नाम से प्रसिद्ध महिला जिनका तमिलनाडु के कोयम्बटूर के पास उनके आवास पर निधन हो गया-- नानम्मल।
नोट: उन्हें वर्ष 2018 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था और क्रमशः वर्ष 2016 और 2017 में नारी शक्ति पुरस्कार और योग रत्न पुरस्कार प्राप्त किया था। नानम्मल ने प्रतिदिन लगभग 100 छात्रों सहित 45 वर्षों में लगभग 10 लाख से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया था।

महत्वपूर्ण दिवस

1. अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस वृद्धावस्था एवं वृद्धजन दुर्व्यवहार जैसे बुजुर्गों को प्रभावित करने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाता है। यह दिवस समाज में वृद्ध लोगों के योगदान की सराहना का प्रतीक भी है। वर्ष 2019 के स्मरणोत्सव का विषय 'The Journey to Age Equality' है।

2. मिलेट्री नर्सिंग सर्विस अपना 94वां स्थापना दिवस मना रही है।
नोट: इस अवसर पर, सेवा अधिकारी फ्लोरेंस नाइटिंगेल संकल्प को पढ़कर अपने रोगियों को उच्च गुणवत्ता, निस्वार्थ सेवा देखभाल प्रदान करके स्वयं को पुन: कार्य के प्रति समर्पित करेंगे। मिलेट्री नर्सिंग सर्विस (MNS) 28 मार्च, 1888 को भारत के सैन्य अस्पतालों में नर्सिंग के लिए बॉम्बे आए 10 योग्य ब्रिटिश नर्सों के पहले बैच के आगमन के साथ शुरू हुई।
वर्ष 1893 में, इसे इंडियन आर्मी नर्सिंग सर्विस के रूप में और वर्ष 1902 में क्वीन एलेक्जेंड्रा मिलिट्री नर्सिंग सर्विस का नाम दिया गया था।

3. महात्मा गांधी की 150वीं जयंती देश भर में 2 अक्टूबर 2019 को मनाई गई।
नोट: हर वर्ष 2 अक्टूबर को देश भर में प्रार्थना सभाओं और श्रद्धांजलि के साथ मोहनदास करमचंद गांधी जी की जयंती मनाई जाती है।महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। इस दिवस को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया

जाता है। 30 जनवरी, 1948 को नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

4. विश्व शिक्षक दिवस या अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पूरे विश्व में 5 अक्टूबर को मनाया जाता है।
नोट:यह शिक्षकों की स्थिति से संबंधित 1966 ILO/UNESCO सिफारिश को अपनाने की वर्षगांठ के रूप में वर्ष 1994 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है। उच्च शिक्षा शिक्षकों की स्थिति से संबंधित सिफारिश को वर्ष 1997 में अपनाया गया था, ताकि उच्च शिक्षा में शिक्षण और अनुसंधान कर्मियों को शामिल करके 1966 की सिफारिश को पूरा किया जा सके।

5. **भारतीय वायु सेना** (**IAF**) ने पूरे भारत में अपनी **87वीं वर्षगांठ 8 अक्टूबर को** मनाई।
नोट: भारतीय वायुसेना ने **परेड और वायु प्रदर्शन** के साथ दिल्ली के समीप वायु सेना के हिंडन एयर बेस में विभिन्न विमानों को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान थे, जिन्होंने मिग फॉर्मेशन का नेतृत्व किया और मिग बाइसन विमान उड़ाया। इसे 8 **अक्टूबर, 1932** में ब्रिटिश साम्राज्य की एक **सहायक वायु सेना** के रूप में आधिकारिक तौर पर स्थापित किया गया था और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इसकी सेवाओं के सम्मान में उपसर्ग रॉयल वर्ष 1945 में जोड़ा गया था।

6. विश्व डाक दिवस प्रत्येक वर्ष **9 अक्टूबर को** मनाया जाता है।
नोट: इसे वर्ष 1969 में जापान के टोक्यो में आयोजित UPU कांग्रेस द्वारा विश्व डाक दिवस घोषित किया गया था। तभी से, दुनिया भर के सभी देश इस उत्सव में वार्षिक रूप से भाग लेते हैं। कई देशों में डाक विभाग नए डाक उत्पादों और सेवाओं को जारी करने या बढ़ावा देने के लिए समारोह का आयोजन करते हैं।

7. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष **10 अक्टूबर को** मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाता है और मानसिक स्वास्थ्य के समर्थन में प्रयासों को संगठित करता है। इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का विषय 'Mental Health Promotion and Suicide Prevention' है।

8. अक्टूबर महीने को **स्तन कैंसर जागरूकता माह के** रूप में मनाया जाता है।
नोट: स्तन कैंसर जागरूकता माह **ध्यान और जागरूकता** बढ़ाने में मदद करता है।यह **महीना स्तन कैंसर** के शुरुआती अभिज्ञान और उपचार के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार स्तन कैंसर दुनिया भर में विकसित और विकासशील दोनों देशों में महिलाओं में सबसे आम कैंसर है। स्तन कैंसर वह कैंसर है जो स्तनों की कोशिकाओं में होता है।

9. दुनिया भर में **अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस** (IDGC) **11 अक्टूबर को** मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस दुनिया भर में बालिकाओं के अधिकारों और उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों के सम्मान में मनाया जाता है। वर्ष 2019 का विषय "बालिका शक्ति: अलिखित और निर्बाध" (GirlForce: Unscripted and Unstoppable) है।

10. विश्व प्रवासी पक्षी दिवस (WMBD) 2019 **12 अक्टूबर (अक्टूबर के दूसरे शनिवार) को** मनाया जाता है।
नोट: WMBD एक वार्षिक जागरूकता बढ़ाने वाला अभियान है जो प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण की आवश्यकता को दर्शाता है। वर्ष 2019 का विषय: Protect Birds: Be the Solution to Plastic Pollution! है।

11. अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस वार्षिक रूप से **13 अक्टूबर को** मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस प्रत्येक नागरिकों और सरकारों को आपदा तन्यक समुदाय और राष्ट्र के निर्माण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है।वर्ष 2019 का विषय:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

'Reduce disaster damage to critical infrastructure and disruption of basic services' है। अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा जोखिम के बारे में जागरूकता और आपदा में कमी की वैश्विक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक दिवस के आह्वान के बाद वर्ष 1989 में की गई थी।

12. विश्व छात्र दिवस 15 अक्टूबर को मनाया जाता है।

नोट: विश्व छात्र दिवस 'ए पी जे अब्दुल कलाम के जन्मदिन के रूप में चिह्नित है।

13. 'विश्व खाद्य दिवस' हर वर्ष **16 अक्टूबर को** मनाया जाता है।

नोट: 'विश्व खाद्य दिवस' संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) की स्थापना का प्रतीक है। विश्व खाद्य दिवस 2019 का विषय 'Our Actions Are Our Future. Healthy Diets for A #ZeroHunger World' है। खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के माध्यम से भूख को पराजित करने की दिशा में कार्यरत है।

14. अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस 17 अक्टूब को मनाया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है।

नोट: इस दिवस का मुख्य उद्देश्य वैश्विक समुदाय में गरीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जागरूकता फैलाना है। वर्ष 2019 का विषय 'गरीबी को समाप्त करने के लिए बच्चों, उनके परिवारों और समुदायों को सशक्त बनाने के लिए साथ मिलकर कार्य करना' (Acting together to empower children, their families and communities to end poverty) है।

15. राष्ट्रीय पुलिस स्मारक दिवस हर वर्ष **21 अक्टूबर** को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस उन बहादुर पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। यह दिवस वर्ष 1959 में चीन से लगी सीमाओं की रक्षा करते हुए दस पुलिसकर्मियों के बलिदान को याद करता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस बलों, उनके परिवारों का अभिवादन किया और उन बहादुर पुलिस कर्मियों को याद किया है जो कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हो गए।

16. संयुक्त राष्ट्र दिवस वैश्विक स्तर पर **24 अक्टूबर** को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस संयुक्त राष्ट्र संगठन के उद्देश्यों और उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र वर्ष 2020 में संयुक्त राष्ट्र की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा।

17. विश्व विकास सूचना दिवस प्रत्येक वर्ष **24 अक्टूबर** को मनाया जाता है।

नोट: संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1973 में 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस के संयोगात्मक रूप से एक विश्व विकास सूचना दिवस स्थापित करने का निर्णय लिया।

18. भारत सरकार ने चौथा आयुर्वेद दिवस (धन्वंतरी जयंती) 25 अक्टूबर 2019 को मनाया गया।

नोट: आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर 'राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार' प्रदान किए। इस पुरस्कार में एक ट्रॉफी और 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है। आयुर्वेद दिवस औषधियों के बारे में जागरूकता फैलाने में मिशन की भूमिका के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार ने आयुष मिशन के एक भाग के रूप में कई आयुर्वेदिक संस्थानों को भी उन्नत किया है।

19. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2019 तक मनाया गया।

नोट: सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय "सत्यनिष्ठा- जीवन का एक मार्ग" विषय था। सतर्कता जागरूकता सप्ताह केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा मंत्रालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा' दिलाने के साथ शुरू होगा, ताकि भ्रष्टाचार के

खिलाफ लड़ा जा सके और ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानक स्थापित किए जा सकें।

20. अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस हर वर्ष 25 अक्टूबर को मनाया जाता है।
नोट: यह दिवस सबसे प्रसिद्ध कलाकार पाब्लो पिकासो के सम्मान में भी मनाया जाता है। स्पेन के इस महान कलाकार का जन्म 25 अक्टूबर, 1881 को हुआ था। कलाकार अपने काम के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। वे हमारे आसपास की दुनिया में सुंदरता भरते हैं। अधिकांश कलाकार कई अलग-अलग माध्यमों से काम करते हैं।

21. संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व दृश्य-श्रव्य धरोहर दिवस 27 अक्टूबर को मनाया गया।
नोट: वर्ष 2019 का विषय 'Engage the Past Through Sound and Images' है।

22. हर वर्ष पूरे विश्व में विश्व इंटरनेट दिवस 29 अक्टूबर को मनाया जाता है।
नोट: वर्ष 1969 में इसी दिन एक कंप्यूटर से दूसरे कंप्यूटर में पहला इलेक्ट्रॉनिक मेल (email) भेजा गया था। यह वर्ष 1969 था जब UCLA में एक प्रोग्रामर छात्र चार्ली क्लाइन ने 29 अक्टूबर को पहला संदेश भेजा था।

23. राष्ट्रीय एकता दिवस 2019 पूरे देश में 31 अक्टूबर को मनाया गया।
नोट: सरदार पटेल भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री थे।

नई नियुक्तियां

1. भारतीय सूचना सेवा (IIS) अधिकारी कुलदीप सिंह धतवालिया को केंद्र सरकार के 28वें मुख्य प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया।
नोट: उन्होंने सीतांशु कार की जगह ली। श्री धतवालिया को प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB) के नए प्रमुख महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया, जो केंद्र सरकार की प्रचार शाखा है। वर्तमान में, श्री धतवालिया भारतीय जनसंचार संस्थान (IIMC) के महानिदेशक का कार्यभार संभालने के अलावा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में प्रशिक्षण एवं अनुसंधान महानिदेशक (DG) के रूप में कार्य कर रहे थे।
2. सरकार ने प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री सुरजीत एस. भल्ला को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के बोर्ड में भारत के लिए कार्यकारी निदेशक के पद पर नियुक्त किया।
नोट: सुरजीत एस. भल्ला भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर सुबीर गोकर्ण की जगह लेंगे, जिनका बीमारी के बाद 30 जुलाई को अमेरिका में निधन हो गया था। पिछले वर्ष दिसंबर में, उन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) के अंशकालिक सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया था।
3. एयर मार्शल एस.के. घोटिया ने दक्षिण पश्चिम वायुसेना कमांड के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया।
नोट: उन्होंने एयर मार्शल एच.एस. अरोड़ा की जगह ली, जो वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पद पर नियुक्ति के साथ वायुसेना मुख्यालय चले गए। वर्तमान नियुक्ति से पहले, एयर मार्शल घोटिया ट्रेनिंग कमांड के कमांडिंग वायु सेना अधिकारी थे।
4. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से कटरा के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई ।
नोट: रेलगाड़ी संख्या 22439 नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सुबह 6 बजे रवाना होगी और दोपहर 2 बजे कटरा पहुंचेगी। मार्ग में, ट्रेन अंबाला कैंट, लुधियाना और जम्मू तवी में दो-दो मिनट के लिए रुकेगी। यह दिल्ली और वाराणसी के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के बाद दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है।
5. भारतीय टीम के **पूर्व कप्तान कपिल देव** ने भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) की क्रिकेट सलाहकार समिति से इस्तीफा दे दिया।

नोट:शांता रंगास्वामी के तीन सदस्यीय समिति से बाहर होने के बाद कपिल देव ने CAC के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। कपिल ने अपने इस्तीफे का कारण नहीं बताया, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (CoA) को अपने फैसले के बारे में बताते हुए एक ईमेल लिखा। CAC को भारत की महिला और पुरुष क्रिकेट टीमों के मुख्य कोच के चयन का कार्य सौंपा गया था। कपिल के नेतृत्व वाली CAC ने साक्षात्कार किए और रवि शास्त्री को वरिष्ठ राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया।

6. पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के पद पर एस.एस. मल्लिकार्जुन राव को नियुक्त किया गया।
नोट: वर्तमान में, श्री राव इलाहाबाद बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं, जिसका विलय इंडियन बैंक में होने जा रहा है। श्री राव 18 सितंबर, 2021 तक दिल्ली स्थित PNB के प्रमुख होंगे। वह PNB में सुनील मेहता की जगह लेंगे, मौजूदा समय में इस बैंक का विलय ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (OBC) और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के साथ होने जा रहा है।

7. टाटा कम्युनिकेशंस के प्रबंध निदेशक और ग्रुप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) पद पर अमूर लक्ष्मीनारायण को नियुक्त किया।
नोट: कंपनी ने एक बयान में कहा, लक्ष्मीनारायण दुनिया भर के उद्योगों और क्षेत्रों में नेतृत्व की अनेक भूमिकाओं में 35 वर्ष का अनुभव रखते हैं।

8. ऑयल इंडिया लिमिटेड ने सुशील चंद्र मिश्रा को कंपनी का नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया।
नोट: उन्होंने खरीद नीतियां तैयार करने और उन्हें लागू करने, सामान सूची प्रबंधन, विक्रेता विकास, फ्रेमवर्क समझौते और इसकी संबंधित रणनीतियों की प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने वर्ष 2009 में OIL के IPO के लॉन्च और रणनीतिक योजना 2020 तैयार करने के समय कॉर्पोरेट कार्यालय में महत्वपूर्ण बोर्ड स्तर का पद हासिल किया।

9. न्यायमूर्ति **लिंगप्पा नारायण स्वामी** ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के **25वें मुख्य न्यायाधीश** के रूप में शपथ ग्रहण की।
नोट: न्यायमूर्ति स्वामी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (18 जनवरी 2019 से 9 मई 2019 तक) के पद पर कार्य किया है।उन्हें शिमला में राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पद की शपथ दिलाई।

10. न्यायमूर्ति इंद्रजीत मोहंती ने राजस्थान उच्च न्यायालय के 37वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
नोट: उन्हें राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक समारोह में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति मोहंती बॉम्बे उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं।

11. नया लेखा महानियंत्रक (CGA) **श्री जे.पी.एस. चावला को** नियुक्त किया गया।
नोट: वह गिर्राज प्रसाद गुप्ता की जगह लेंगे। CGA भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के तहत काम करता है। तकनीकी रूप से प्रबंधन लेखा प्रणाली की स्थापना और रखरखाव की जिम्मेदारी CGA में निहित है।

12. संवैधानिक कानून के पूर्व प्रोफेसर **कैस सैयद को** ट्यूनीशिया का नया राष्ट्रपति चुना गया।
नोट: वह मोहम्मद इन्नासेर की जगह लेंगे जो राष्ट्रपति बेजी कैद एस्सेब्सी की मृत्यु के बाद वर्तमान में जुलाई 2019 से ट्यूनीशिया के अंतरिम राष्ट्रपति हैं। सैयद 30 अक्टूबर 2019 को ट्यूनीशिया के 6वें राष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण करेंगे।

13. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान **सौरभ गांगुली को** सर्वसम्मति से भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) का नया **अध्यक्ष** नियुक्त किया गया।
नोट: जय शाह (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र) को सर्वसम्मति से सचिव और अरुण धूमल (वित्त राज्य मंत्री

अनुराग ठाकुर के छोटे भाई) को कोषाध्यक्ष चुना गया है। इन सभी उम्मीदवारों को 23 अक्टूबर, 2019 को होने वाली बोर्ड की वार्षिक आम बैठक में निर्विरोध चुने जाने की उम्मीद है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) भारत में क्रिकेट की राष्ट्रीय शासी संस्था है।

14. वरिष्ठ IPS अधिकारी जिन्हें **राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के महानिदेशक** के रूप में **अनूप कुमार सिंह को** नियुक्त किया गया।
नोट: उन्होंने सुदीप लखटकिया की जगह ली। NSG की स्थापना वर्ष 1984 में एक संघीय आकस्मिकता बल के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य आतंकवाद-रोधी और अपहरण विरोधी ऑपरेशन को अंजाम देना था और बाद में इसे VVIP की सुरक्षा करने का कार्य भी सौंपा गया था।

15. **भारतीय स्टेट बैंक** (SBI) के अध्यक्ष **रजनीश कुमार को** वर्ष 2019-20 के लिए **भारतीय बैंक संघ (IBA) के नए अध्यक्ष** के पद पर नियुक्त किया गया।
नोट: वह सुनील मेहता की जगह लेंगे, जो पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के MD एवं CEO थे। राकेश शर्मा (IDBI बैंक के MD एवं CEO) IBA के मानद सचिव होंगे।

16. **इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया** (IBBI) के **पूर्णकालिक सदस्य** (WTM) के रूप में **सुधाकर शुक्ला को** नियुक्त किया गया।
नोट: इस नियुक्ति के साथ, IBBI का संचालन मंडल पूरा हो गया, जिसमें कुल सदस्य संख्या 10 हो सकती है। IBBI के संचालन मंडल के सदस्यों में एक अध्यक्ष, तीन WTM, चार पदेन सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य होते हैं।

17. IFS अधिकारी जिन्हें निकारागुआ गणराज्य में भारत का अगला राजदूत **उपेंद्र सिंह रावत को** नियुक्त किया गया ।
नोट: वह योगेश्वर वर्मा की जगह लेंगे। निकारागुआ गणराज्य मध्य अमेरिकी स्थलडमरूमध्य में सबसे बड़ा देश है।

18. इंडोनेशिया के राष्ट्रपति **जोको विडोडो ने** अपने दूसरे और अंतिम पांच वर्षीय कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण की।
नोट: उन्हें उप-राष्ट्रपति मारूफ अमीन (76 वर्षीय), जिन्होंने विडोडो के पहले कार्यकाल में उप-राष्ट्रपति जुसुफ कल्ला की जगह ली, के साथ पद की शपथ दिलाई गई। विडोडो ने 17 अप्रैल, 2019 के राष्ट्रपति चुनाव में 55.5% वोट के साथ जीत हासिल की थी। इंडोनेशिया गणराज्य का राष्ट्रपति इंडोनेशिया गणराज्य की सरकार का प्रमुख होता है।

19. कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में दूसरा कार्यकाल किसने जीता जस्टिन ट्रूडो।
नोट: एंड्रयू शीर के नेतृत्व वाली 'कंजर्वेटिव पार्टी' ने 121 सीटें जीतीं और आधिकारिक रूप से विपक्षी पार्टी रही। 'जगमीत सिंह' के नेतृत्व वाली न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी ने 24 सीटें जीतीं।

20. **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण** (UIDAI) के CEO के पद पर पंकज कुमार नियुक्त किया गया।
नोट: ब्रज राज शर्मा (1984 बैच के अधिकारी) को कर्मचारी चयन आयोग (SSC) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। तुहिन कांता पांडे (ओडिशा कैडर के IAS अधिकारी) को निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया। संजीव नंदन सहाय (1986 बैच के अधिकारी) नए ऊर्जा सचिव होंगे। प्रमोद कुमार दास (मध्य प्रदेश कैडर के IAS) को अल्पसंख्यक मामलों का सचिव नियुक्त किया गया है।

21. **नवनीता गौतम** को अपना स्पोर्ट्स मसाज थैरेपिस्ट **रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर** (RCB) ने नियुक्त किया।
नोट: रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर पहली इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) टीम बन गई, जिसमें सहयोगी स्टाफ में एक महिला है। नवनीता हेड फिजियोथेरेपिस्ट इवान स्पीचली और स्ट्रेंथ और कंडीशन कोच बासुशंकर के साथ काम करेंगी।

22. ट्यूनीशिया के नए राष्ट्रपति कैस सैयद है।
नोट: उन्होंने 72 प्रतिशत से अधिक मतों से जीत हासिल की और उनके मीडिया-मुगल विपक्षी नबील करूई को लगभग 27 प्रतिशत मत मिले। ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति

का चुनाव दो-चरणीय प्रणाली का उपयोग करके सर्वजन मताधिकार द्वारा प्रत्यक्ष रूप से किया जाता है।

23. वरिष्ठ IAS अधिकारी अरविंद सिंह को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नोट: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) एक वैधानिक संस्था है जो नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत काम करती है। वरिष्ठ IAS अधिकारी सुखबीर सिंह संधू (1988-बैच: उत्तराखंड कैडर) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रमुख होंगे।

24. प्रधानमंत्री मोदी की नई पहल 'भारत की लक्ष्मी' के लिए राजदूत दीपिका पादुकोण और पी.वी. सिंधु होंगी।

नोट: 'भारत की लक्ष्मी' पहल उन भारतीय महिलाओं को सम्मानित करने का अभियान है, जिन्होंने जन कल्याण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों के साथ पहचान बनाई है।

25. जम्मू और कश्मीर के पहले उप-राज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू है।

नोट:उन्हें 31 अक्टूबर को श्रीनगर में पद की शपथ दिलाई जाएगी जिसके बाद वह कश्मीर और जम्मू प्रांतों के प्रशासनिक प्रमुख होंगे। राज्य के तीसरे प्रांत लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित प्रदेश के रूप में स्थापित किया गया है।

26. केंद्र शासित प्रदेश- लद्दाख के उप-राज्यपाल के रूप में राधा कृष्ण माथुर को नियुक्त किया गया।

नोट: केंद्र शासित प्रदेश के रूप में लद्दाख का पुनर्गठन 31 अक्टूबर, 2019 से प्रभावी हो गया। राधा कृष्ण माथुर ने वर्ष 2016 में भारत के मुख्य सूचना आयुक्त (CIC) के रूप में कार्यभार संभाला और वे नवंबर 2018 में CIC के रूप में सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने केंद्र सरकार के कपड़ा मंत्रालय में विकास आयुक्त और मुख्य प्रवर्तन अधिकारी के रूप में भी काम किया है।

27. गोवा का राज्यपाल सत्य पाल मलिक को नियुक्त किया गया ।

नोट: उन्हें पिछले वर्ष अगस्त में अविभाजित जम्मू और कश्मीर राज्य के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था।

सितंबर 2017 में, उन्हें बिहार का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इससे पहले, वह 9वीं लोकसभा के सदस्य थे और उन्होंने वर्ष 1989 से 1991 तक अलीगढ़ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था।

28. लगातार दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री _____ मनोहर लाल खट्टर।

नोट: खट्टर को भाजपा के विधायक दल का नेता चुने जाने के एक दिन बाद शपथ ग्रहण समारोह हुआ। खट्टर के साथ, जननायक जनता पार्टी (JJP) के नेता दुष्यंत चौटाला ने भी शपथ ली, वह राज्य के उप मुख्यमंत्री बने। भाजपा को महत्वपूर्ण समर्थन विधान सभा के पांच निर्दलीय सदस्यों (विधायकों) और JJP के 10 सदस्यों से मिला।

29. उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठतम न्यायाधीश जिन्हें भारत के अगले भारतीय मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबडे को नियुक्त किया गया।

नोट: वह 47वें मुख्य न्यायाधीश होंगे और 18 नवंबर, 2019 को शपथ लेंगे। वह 23 अप्रैल, 2021 तक पद संभालेंगे। उच्चतम न्यायालय में एक वरिष्ठतम न्यायाधीश होने के नाते उनके नाम की सिफारिश मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई द्वारा अगले CJI के रूप में नियुक्ति के लिए की गई थी।

30. बेल्जियम की पहली महिला प्रधानमंत्री -- सोफी विल्मेस।

नोट: उन्हें देश की अगली कार्यवाहक सरकार के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें राजा फिलिप ने शपथ दिलाई। वह उदारवादी नेता चार्ल्स मिशेल की जगह लेंगी। वह 1 दिसंबर को यूरोपीय परिषद की अध्यक्ष बनेंगी।

31. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के नए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी को चुना गया।

नोट: वह जापान के युकिया अमानो की जगह लेंगे, जिनका इस वर्ष जुलाई में निधन हो गया। बोर्ड का मानना है कि वह 1 जनवरी 2020 से बाद पद ग्रहण करेंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने **लखनऊ में** आयोजित होने वाले **DefEXpo** के 11वें संस्करण की वेबसाइट लॉन्च की।
   नोट: वेबसाइट 'www.defexpo.gov.in' रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और आयुध कारखानों के उत्पाद प्रोफाइल के बारे में शिक्षाप्रद जानकारी प्रदान करने के अलावा, प्रदर्शकों को ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करती है।वेबसाइट प्रदर्शकों को पहले आओ पहले पाओ सेवा के आधार पर उनकी आवश्यकताओं के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण करने और जगह बुक करने, ऑनलाइन भुगतान करने, कॉन्फ्रेंस हॉल बुक करने के लिए स्थान उपलब्ध कराने में सक्षम बनाती है।
2. देश की पहली निगमित क्षेत्र की रेलगाड़ी, जो देरी पर यात्रियों को मुआवजा प्रदान करेगी -- **तेजस।**
   नोट: भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) ट्रेन में एक घंटे से अधिक की देरी पर 100 रुपये और दो घंटे से अधिक की देरी पर 250 रुपये का भुगतान करेगी। रेलवे बोर्ड ने 1 अक्टूबर को मुआवजे का आदेश भी जारी किया। यह पहली बार होगा जब रेलवे यात्रियों को ट्रेन में देरी होने पर मुआवजा मिलेगा।
3. **वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) नई दिल्ली में** भारत आर्थिक शिखर सम्मेलन (IES) का आयोजन कर रहा है।
   नोट: वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) नई दिल्ली में 3 से 4 अक्टूबर, 2019 तक दो दिवसीय भारत आर्थिक शिखर सम्मेलन (IES) का आयोजन कर रहा है। शिखर सम्मेलन का आयोजन उद्योग संस्था **भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)** के सहयोग से किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश की प्रधान मंत्री शेख हसीना और सिंगापुर के उप प्रधान मंत्री हेंग स्वी केट सह-अध्यक्ष होंगे। टेनिस स्टार सानिया मिर्जा शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महिला का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।
4. **"द टेक व्हिस्परर"** (The Tec Whisperer) शीर्षक वाली नई पुस्तक के लेखक **जसप्रीत बिंद्रा है।**
   नोट: "द टेक व्हिस्परर" पुस्तक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अध्याय दिए गए हैं।पुस्तक उभरती तकनीकों जैसे- AI, ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल रियलिटी का वर्णन करेगी और उन्हें आसान बनाएगी और यह पुस्तक इस बारे में बताएगी कि कंपनियां अपने डिजिटल परिवर्तन अभियान को चलाने के लिए इन्हें कैसे उपयोग में ला सकती हैं।
5. **वेणु राजामोनी** द्वारा लिखित **'इंडिया एंड द नीदरलैंड - पास्ट, प्रेजेंट एंड फ्यूचर'** ('India and the Netherlands - Past, Present and Future) पुस्तक का एम्स्टर्डम में विमोचन किया गया।
   नोट: यह पुस्तक दोनों देशों के बीच सीमा पार-सांस्कृतिक धरोहरों पर पूरा ज्ञान प्रदान करती है, और इसका विमोचन एक समारोह में हुआ जिसमें नीदरलैंड के राजा और रानी शामिल हुए। भारतीय दूतावास और रॉयल एशियन आर्ट सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित समारोह, एम्स्टर्डम के रिज्क्स म्यूजियम (राष्ट्रीय संग्रहालय) में हुआ। पुस्तक में डच विश्व में भारत के स्थान और संस्कृति, खेल एवं योग में मजबूत आर्थिक संबंधों और व्यवसायिक आदान-प्रदान द्वारा दोनों देशों के बीच के संबंधों पर प्रकाश डाला गया है।
6. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, सबसे प्रदूषित शहर वाराणसी है।
   नोट: राष्ट्र के एक प्रमुख स्वास्थ्य प्रयोजन में, उत्तर प्रदेश के चार शहर देश के पांच सबसे प्रदूषित शहरों में से एक थे।

7. ओडिशा के बालासोर जिले के चांदीपुर तट से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के जमीनी हमले वाले संस्करण का सफल परीक्षण किया -- **DRDO.**

नोट: ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक मिसाइल है, जो ध्वनि की चाल से लगभग तीन गुना तेज जा सकती है। इसमें विकसित स्वदेशी उपकरण लगाए गए हैं और यह थल सेना द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला संस्करण है। ब्रह्मोस एक मध्यम दूरी की रैमजेट सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है जिसे पनडुब्बी, जहाज, विमान, या भूमि से लॉन्च किया जा सकता है। यह रूसी संघ के NPO मशिनोस्त्रोयेनिया और भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के बीच एक संयुक्त उद्यम है जिन्होंने साथ मिलकर ब्रह्मोस एयरोस्पेस का गठन किया है।

8. भारत के 12 स्थलों के लिए ऑडियो गाइड सुविधा ऐप **'ऑडियो ओडिगोस'** (Audio Odigos) की शुरूआत **पर्यटन मंत्रालय** ने की।

नोट: पर्यटन मंत्रालय ने **'पर्यटन पर्व 2019'** के अवसर पर भारत के 12 स्थलों (प्रतिष्ठित स्थलों सहित) के लिए ऑडियो गाइड सुविधा ऐप **'ऑडियो ओडिगोस'** (Audio Odigos) की शुरूआत की। ऑडियो गाइड: 'ऑडियो ओडिगोस', भारत सरकार द्वारा सत्यापित दृश्य एवं श्रव्य सामग्री प्रदान करता है। ऑडियो ओडिगोस के साथ, पर्यटक अब अधिक संपन्न अनुभव का आनंद लेंगे और भारतीय संस्कृति एवं विरासत की ऐतिहासिक अंतर्दृष्टि को पुन: प्राप्त कर सकेंगे।

9. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी** की 150वीं जयंती के अवसर पर भारत को **खुले में शौच मुक्त (ODF)** घोषित किया।

नोट: 2 अक्टूबर को, अहमदाबाद के साबरमती में **'स्वच्छ भारत दिवस' कार्यक्रम** आयोजित किया गया, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने देश को खुले में शौच मुक्त घोषित किया। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर 150 रुपये का सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, बड़े पैमाने पर चलाए गए **स्वच्छ भारत मिशन** के अंतर्गत, भारत ने लगभग 60 करोड़ लोगों के लिए केवल 60 महीनों की अवधि में लगभग 11 करोड़ शौचालय बनाए हैं।

10. सरकार ने ऊर्जा संयंत्रों को कोयला आपूर्ति के लिए ऊर्जा, कोयला एवं भारतीय रेलवे के बीच बेहतर समन्वय हेतु **PRAKASH** पोर्टल लॉन्च किया।

नोट: प्रकाश पोर्टल सभी हितधारकों को खदानों से परिवहन के लिए कोयले के अधिकार की निगरानी करने में सक्षम बनाता है। यह ऊष्मीय ऊर्जा संयंत्रों में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक सराहनीय कार्य है। यह पोर्टल ऊर्जा संयंत्रों के लिए कोयला आपूर्ति की पूर्ण श्रृंखला का खाका तैयार करने और निगरानी में मदद करने हेतु शुरू किया गया है।

11. देश की पहली निगमित ट्रेन **तेजस एक्सप्रेस को** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** ने लखनऊ में हरी झंडी दिखाई।

नोट: यह ट्रेन लखनऊ-नई दिल्ली मार्ग पर चलेगी। तेजस एक्सप्रेस 6.15 घंटे में गंतव्य स्थल तक पहुंचेगी। समय-सारणी के अनुसार, रेलगाड़ी सुबह 6:10 बजे लखनऊ से चलेगी और दोपहर 12:25 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी पर, रेलगाड़ी दोपहर 3:35 बजे दिल्ली से चलेगी और रात 10:05 बजे लखनऊ पहुंचेगी। तेजस एक्सप्रेस के केवल दो पड़ाव - कानपुर और गाजियाबाद होंगे। तेजस भारतीय रेलवे की सहायक कंपनी IRCTC द्वारा चलाई जाने वाली पहली ट्रेन है।

12. **गोवा मैरीटाइम कॉन्क्लेव (GMC) -2019** का उद्घाटन **गोवा में** किया गया।

नोट: कॉन्क्लेव का संचालन नेवल वॉर कॉलेज द्वारा किया गया था। NSA द्वारा **नेवल वॉर कॉलेज जर्नल** का 31वां संस्करण भी जारी किया गया। कॉन्क्लेव का विषय "Common Maritime Priorities in IOR and need for

Regional Maritime Strategy" है। पहले सत्र के लिए उप-विषय "Opportunities and Challenges in IOR" था।

13. **20वां राष्ट्रीय स्वास्थ्य सूचना विज्ञान सम्मेलन** 7 और 8 फरवरी, 2020 **कोच्चि में** आयोजित होगा।
नोट: सम्मेलन का आयोजन स्वास्थ्य सूचना विज्ञान एवं सूचना प्रबंधन संघ (HIIMA), केरल और भारतीय स्वास्थ्य रिकॉर्ड संघ (HERAI) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

14. अटल इनोवेशन मिशन (AIM), नीति आयोग और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) भारत ने साथ मिलकर **यूथ को:लैब (Youth Co:Lab)** की शुरूआत की।
नोट: शुरु के अवसर पर, AIM, नीति आयोग और UNDP इंडिया के बीच एक आशय पत्र (LOI) पर हस्ताक्षर किए गए। यूथ को:लैब के माध्यम से, युवा उद्यमियों और नवप्रवर्तकों को सरकारों, परामर्शदाताओं, इन्क्यूबेटरों और निवेशकों से जुड़ने का मौका मिलेगा, जो उन्हें उद्यमी कौशल प्रदान करने में मदद करेंगे।

15. **केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल** (CISF) **जम्मू और कश्मीर में** पर स्थित **बगलिहार पनबिजली ऊर्जा संयंत्र** में 300 से अधिक उच्च प्रशिक्षित कर्मियों की स्थायी तैनाती करेगी।
नोट: यह पनबिजली परियोजना सबसे संवेदनशील पनबिजली संयंत्रों में से एक है। हाल ही में, सुरक्षा बलों ने हिजबुल मुजाहिदीन के एक कमांडर के सहित दो आतंकवादियों को मार गिराया था। **बगलिहार बांध**, जिसे बगलिहार पनबिजली परियोजना के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर के रामबन जिले में चिनाब नदी पर एक रन ऑफ द रिवर नदी परियोजना है।

16. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री **डॉ. हर्षवर्धन** ने **"ट्रांस-फैट फ्री" लोगो को** लॉन्च किया।
नोट: ऐसे खाद्य प्रतिष्ठानों द्वारा लोगो का उपयोग किया जा सकता है जो ट्रांस-फैट मुक्त वसा/तेल का उपयोग करते हैं और खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन एवं दावों) अधिनियम, 2018 के अनुपालन में, भोजन के 0.2 ग्राम/100 ग्राम से अधिक औद्योगिक ट्रांस-फैट नहीं रखते हैं। लोगो का उपयोग स्वैच्छिक रूप से खाद्य व्यापार ऑपरेटरों द्वारा अपनी दुकानों में और खाद्य उत्पादों पर भी किया जा सकता है।

17. तीन दिवसीय **अंतर्राष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेला** नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।
नोट: अपनी तरह के इस पहले मेले का उद्देश्य भारत और विदेश में सहकारी व्यापार को बढ़ावा देना है, जिससे ग्रामीण और कृषि समृद्धि में वृद्धि हो सके। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के अनुसार, 150 से अधिक सहकारी समितियों और ऑस्ट्रेलिया, जापान, चीन, ब्राजील, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और ईरान सहित 35 देशों के प्रतिनिधि मेले में भाग लेने जा रहे हैं। यह भारत का पहला और सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेला होगा जो सहकारी उत्कृष्टता के एक नए युग की शुरूआत करेगा।

18. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ई-आकलन केंद्र (NeAC) का उद्घाटन किया।
नोट: आयकर विभाग का NeAC करदाताओं और कर अधिकारियों के बीच आमने-सामने की बातचीत को कम करेगा।वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से सामयिक सूचना प्राप्त करेंगे, जिसमें उन मुद्दों को निर्दिष्ट किया जाएगा जिनके लिए उनके मामले को जांच हेतु चुना गया है। करदाताओं के लिए अनुपालन में आसानी के क्षेत्र में CBDT द्वारा यह एक और पहल है।

19. AIIMS ने **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय** के सहयोग से पहली बार मुख संबंधी **स्वास्थ्य जागरूकता** पर वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन 'ई दंत सेवा' लॉन्च किया।
नोट: डिजिटल प्लेटफॉर्म **'ई दंत सेवा'** प्रामाणिक वैज्ञानिक संसाधनों से एकत्र की गई मुख संबंधी स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करेगा और लोगों को दांतों की समस्याओं या मुख संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के प्रबंधन के लिए समय पर सलाह हेतु जोड़ेगा। यह **वेबसाइट लोगों को केंद्रों तक आसानी से पहुंचने के लिए GPRS** मार्ग और उपग्रह चित्र

भी प्रदान करती है। इसमें 'सिम्पटम चेकर' नामक एक अनूठी विशेषता भी है। नेत्रहीनों के लिए मुख संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा पर एक ब्रेल पुस्तिका और वॉइस-ओवर भी इस अवसर पर जारी किया गया।

20. 50वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) - 2019 गोवा में आयोजित किया जाएगा।
नोट: फिल्म महोत्सव में 76 देशों की 200 सर्वश्रेष्ठ फिल्में, भारतीय पैनोरमा खंड की 26 फीचर फिल्में और 15 नॉन-फीचर फिल्में दिखाई जाएंगी। महोत्सव के स्वर्ण जयंती संस्करण में लगभग 10 हजार लोगों और फिल्म प्रेमियों के भाग लेने की उम्मीद है। विभिन्न भाषाओं में 12 प्रमुख फिल्में, जिन्होंने इस वर्ष 50 वर्ष पूरे किए हैं, को भी दिखाया जाएगा।

21. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने नासिक में स्थित सैन्य उड्डयन कोर को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति ध्वज (President's colours) प्रदान किया।
नोट: सशस्त्र बलों के सुप्रीम कमांडर द्वारा ध्वज की पेशकश वर्षों से सैन्य उड्डयन द्वारा प्रदान की गई मेधावी सेवा के आभार स्वरूप है। सैन्य उड्डयन कोर 1 नवंबर, 1986 को स्थापित भारतीय सेना का एक अंग है।

22. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल ने महत्वाकांक्षी प्रधान मंत्री नवाचार शिक्षण कार्यक्रम (PMILP) का उद्घाटन किया -- DHRUV.
नोट: इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराना और समाज में उनके योगदान को प्रेरित करना है। इसका समापन इस महीने की 24 तारीख को IIT (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान), दिल्ली में होगा। विज्ञान, गणित और प्रदर्शन कला (कक्षा 9 से कक्षा 12) के 60 प्रतिभाशाली छात्रों को कार्यक्रम के लिए चुना गया है।

23. केंद्र सरकार ने **अजय भूषण पांडे** की अध्यक्षता में **एक उच्च स्तरीय अंतर-मंत्रालयी समिति** का गठन किया ।
नोट:19 सदस्यीय अंतर-मंत्रालय समन्वय समिति (IMCC) में पांच सचिव हैं, जिनमें वित्त एवं विदेश मंत्रालय और विभिन्न नियामक प्राधिकरणों के प्रमुख शामिल हैं। यह समिति धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) और आतंकवाद वित्तपोषण का मुकाबला करने की नीतियों के विकास और कार्यान्वयन पर भी काम करेगी।

24. **प्रधानमंत्री मोदी** और **शी जिनपिंग** ने ममल्लापुरम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।
नोट: शी जिनपिंग कल **तमिलनाडु के महाबलिपुरम** (यूनेस्को विश्व धरोहर शहर) में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दूसरे अनौपचारिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। ममल्लापुरम में, प्रधान मंत्री मोदी अर्जुन की तपस्या, गणेश रथ, कृष्ण बटरबॉल जैसे प्राचीन स्मारकों के बारे में शी जिनपिंग का व्यक्तिगत रूप से मार्गदर्शन करेंगे, इससे पहले दोनों नेता पंच रथों या पांडवों के पांच रथों का भ्रमण करेंगे।

25. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं **परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन** ने नई दिल्ली में **सुरक्षित मातृत्व आश्वासन** (सुमन) पहल शुरू की।
नोट: यह पहल नई दिल्ली **में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद** के 13वें सम्मेलन के दौरान शुरू की गई थी। पहल का उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में सभी महिलाओं और नवजातों को बिना किसी लागत और शून्य सहिष्णुता के **गरिमापूर्ण, सम्मानजनक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल** प्रदान करना है ताकि सभी निवार्य मातृ और नवजात मौतों को समाप्त किया जा सके। यह पहल मां और शिशु दोनों को जन्म का सकारात्मक अनुभव प्रदान करती है।

26. पहला राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान लेखक सम्मेलन लखनऊ में शुरू हुआ।
नोट: राष्ट्रीय हिंदी विज्ञान लेखक सम्मेलन का उद्देश्य सभी हिंदी और मातृभाषा विज्ञान लेखकों को एक मंच पर लाना और विज्ञान लेखन के क्षेत्र में हिंदी को बढ़ावा देना है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश भर के एक हजार से अधिक विज्ञान लेखकों के भाग लेने की उम्मीद है। इस

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

कार्यक्रम के लिए एक विशेष वेबसाइट 'WWW.VIGYANLEKHAN.COM' शुरू की गई है।

27. भारतीय कालीन प्रदर्शनी (38वीं) **वाराणसी, उत्तर प्रदेश** में हुआ।
नोट: भारतीय कालीन प्रदर्शनी एक वर्ष में दो बार दिल्ली और वाराणसी में आयोजित की जाती है। प्रदर्शनी (एशिया का सबसे बड़ा हस्तनिर्मित कालीन मेला) का आयोजन कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (CEPC) द्वारा किया गया है। भारतीय कालीन प्रदर्शनी का उद्देश्य आने वाले विदेशी कालीन खरीदारों के लिए भारतीय हस्तनिर्मित कालीन और अन्य फर्श आवरणों की सांस्कृतिक विरासत और बुनाई कौशल को बढ़ावा देना है।

28. गृह मंत्री अमित शाह ने **केंद्रीय सूचना आयोग** (CIC) के **14वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन** नई दिल्ली में किया।
नोट: सभी वर्तमान और पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त, केंद्रीय सूचना आयोग, राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त, RTI कार्यकर्ता और RTI अधिनियम के कार्यान्वयन से जुड़े गैर सरकारी संगठन सम्मेलन में भाग लेंगे।

29. केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पहले 'भारत अंतर्राष्ट्रीय सहकारी व्यापार मेले' (IICTF) का उद्घाटन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया।
नोट: इस **तीन दिवसीय विशिष्ट मंच** का उद्देश्य ग्रामीण और **कृषि समृद्धि विकास** के लिए भारत और विदेश में सहकारी व्यापार को बढ़ावा देना है। यह भागीदार देशों को भारतीय बाजार में अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर भी प्रदान करता है।

30. केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने 'सहयात्री' रेलवे पुलिस मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया।
नोट: पूरे भारत में **रेलवे के क्षेत्राधिकार** में सक्रिय अपराधियों की तस्वीरों सहित उनकी **संपूर्ण जानकारी** को रेलवे पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इसमें QR कोड को स्कैन करने एवं पढ़ने और आपातकालीन कॉल करने की सुविधा भी होगी। सहयात्री ऐप रेल यात्रियों को गूगल मैप्स के साथ जियो-टैगिंग द्वारा पुलिस स्टेशन के क्षेत्राधिकार और GRP अधिकारियों के विवरणों का पता लगाने में मदद करेगा।

31. **कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय** (MSDE) ने **भारतीय प्रबंधन संस्थान** (IIM) बैंगलोर के साथ नए कार्यक्रम 'महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप' लॉन्च करने के लिए साझेदारी की घोषणा की।
नोट: यह दो वर्ष का फैलोशिप कार्यक्रम **IIMB के सेंटर ऑफ पब्लिक पॉलिसी** (CPP) द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम को गुजरात, कर्नाटक, मेघालय, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रायौगिक आधार पर शुरू किया जाएगा।
जिनके पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री है और वे 21-30 वर्ष आयु वर्ग के भारतीय नागरिक हैं, वे इसके लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

32. शहरों में **एक महीने तक चलने वाले सिटी वॉक फेस्टिवल** का आयोजन मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड ने किया।
नोट: सिटी वॉक फेस्टिवल भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, पन्ना, विदिशा, खजुराहो, चंदेरी, जबलपुर, बुरहानपुर और ओरछा में आयोजित किया गया। पर्यटन को एक अनूठे तरीके से बढ़ावा देने के लिए, सभी आयु वर्ग के स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक फेस्टिवल में भाग ले रहे हैं। फेस्टिवल के दौरान कला, संस्कृति, धरोहर, भोजन, कपड़ा, फोटोग्राफी और आध्यात्मिकता सहित विभिन्न विषयों पर 100 से अधिक सिटी वॉल्क आयोजित किए गए।

33. नीदरलैंड के राजा विलियम एलेक्जेंडर पांच दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।
नोट: वर्ष 2013 में राजगद्दी पर काबिज होने के बाद **राजा विलियम एलेक्जेंडर** की यात्रा भारत की उनकी पहली रजकीय यात्रा होगी। **राजा और रानी** अपनी यात्रा के दौरान नई दिल्ली, मुंबई और केरल जाएंगे। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच **आर्थिक और राजनीतिक सहयोग बढ़ने** की उम्मीद है।

34. ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2019 में **भारत** 102वां स्थान पर है।

नोट: वाशिंगटन स्थित **अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान** (IFPRI) द्वारा जारी **ग्लोबल हंगर इंडेक्स** (GHI) 2019 रिपोर्ट में 117 देशों के बीच भारत को 102वें स्थान पर रखा गया है। चीन (25वें स्थान), नेपाल (73वें), म्यांमार (69वें), श्रीलंका (66वें), बांग्लादेश (88वें) और पाकिस्तान (94वें) सहित कई पड़ोसी देशों की तुलना में भारत निचले स्थान पर है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि वर्ष 2030 जीरो हंगर के लक्ष्य की दिशा में प्रगति, जिस पर विश्व भर के नेताओं द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी, "खतरे में" है।

35. नोबेल पुरस्कार 2019 के विजेता **अभिजीत बनर्जी और ईस्थर डफ्लो** ने साथ मिलकर एक पुस्तक लिखी है जिसका शीर्षक 'Good Economics for Hard Times – Better Answers to our Biggest Problems' है।

नोट: पुस्तक हमारे समय के अत्यावश्यक मुद्दों के बारे में बात करती है और इन प्रश्नों के समाधान खोजने का प्रयास करती है। जगरनॉट द्वारा प्रकाशित पुस्तक का नवंबर 2019 में विमोचित होना निर्धारित है।

36. प्रेरित व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के साथ जमीनी स्तर पर जोड़ने के लिए एक नई योजना **'खाद्य सुरक्षा मित्र (FSM)' FSSAI ने** शुरू की।

नोट: 'FSM' योजना डॉ. हर्षवर्धन (केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री) द्वारा शुरू की गई है। खाद्य सुरक्षा मित्र (FSM) FSSAI द्वारा प्रमाणित एक व्यक्तिगत पेशेवर है जो FSS अधिनियम से संबंधित नियमों और विनियमों के अनुपालन में सहायता करता है। वे तीन रूपों- डिजिटल मित्र, ट्रेनर मित्र और हाइजीन मित्र में उपलब्ध होंगे जो उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर आधारित है।

37. केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री **अर्जुन मुंडा** ने **आदिवासी महिलाओं** के लिए **GOAL (Going online as leaders) कार्यक्रम** के दूसरे चरण की घोषणा की।

नोट: इस GOAL कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के आदिवासी बाहुल्य जिलों की 5000 युवा महिलाओं को डिजिटल रूप से परामर्श देना है। जनजातीय मंत्रालय फेसबुक और नीति आयोग के सहयोग से आदिवासी महिलाओं के लिए GOAL कार्यक्रम चला रहा है। GOAL कार्यक्रम सामाजिक और आर्थिक रूप से अक्षम महिलाओं को उस प्रौद्योगिकी का उपयोग जिस तक वे अन्य रूपों में पहुंच नहीं प्राप्त कर सकतीं है, उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करेगा।

38. नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने आगामी **आर्टेमिस मिशन** के लिए अपनी अगली पीढ़ी के स्पेससूट का अनावरण किया।

नोट: आर्टेमिस मिशन का उद्देश्य वर्ष 2024 तक चंद्रमा पर पहले महिला और फिर आदमी को उतारना है। स्पेससूट का नाम exploration extravehicular mobility unit (xEMU) है। सूट चंद्र सतह की खोज विशेष रूप से दक्षिणी ध्रुव के लिए तैयार किया गया है, जो नासा की अगली चालक दल लूनार लैंडिंग का लक्ष्य है।

39. **भारतीय हस्तशिल्प और उपहार मेले (IHGF)** का 48वां संस्करण **ग्रेटर नोएडा में** आयोजित किया गया।

नोट: भारत में 110 देशों के प्रवासी खरीदार, जो घर, जीवन शैली, फैशन, फर्नीचर और कपड़ा उत्पादों के लिए हैं और लगभग 3200 भारतीय प्रदर्शक मेले में भाग ले रहे हैं। IHGF दिल्ली मेला (शरद ऋतु) 2019 के प्रयासों से इस वर्ष Refuse, Reduce, Reuse और Recycle पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा ताकि पर्यावरण के सतत विकास और संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके।

40. **भुवनेश्वर में** स्थित इन्फोसिटी DLF टॉवर में रोबोट रेस्टोरेंट खोला गया।

नोट: इसमें दो स्वदेशी रूप से विकसित रोबोट, 'चम्पा' और 'चमेली' काम कर रहे हैं। यह रेस्टोरेंट एक ओडिया इंजीनियर जीत बाशा द्वारा शुरू किया गया है। इससे पहले चेन्नई और बेंगलुरु ने चीन से आयातित रोबोट मशीनों के साथ स्मार्ट रेस्टोरेंट शुरू किए थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

41. भारतीय वायु सेना, **रॉयल एयर फोर्स ऑफ ओमान** (RAFO) के साथ **EASTERN BRIDGE-V** द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास में भाग ले रही है।

नोट: पहली बार, मिग-29 लड़ाकू विमान भारत के बाहर एक अंतर्राष्ट्रीय अभ्यास में भाग लेंगे। पिछला अभ्यास, EASTERN BRIDGE-IV 2017 जामनगर में आयोजित किया गया था। यह अभ्यास दो वायु सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन के दौरान पारस्परिकता को बढ़ाएगा। यह एक-दूसरे के सर्वोत्तम अभ्यासों से सीखने का अवसर प्रदान करेगा।

42. भारत, **अफगानिस्तान को** 75,000 मीट्रिक टन गेहूं उपहार में देगा।

नोट: भारतीय राजदूत ने **अफगान रेड क्रिसेंट सोसाइटीज** (ARCS) स्पेशल वीक की 37वीं वर्षगांठ पर बोलते हुए यह घोषणा की। अक्टूबर 2017 में, भारत ने पाकिस्तान की उपेक्षा करते हुए ईरान में चाबहार बंदरगाह के माध्यम से अफगानिस्तान को गेहूं का पहला जहाज भेजा था। भारत सरकार ने अफगानिस्तान के लोगों को अनुदान के आधार पर 1.1 मिलियन टन गेहूं की आपूर्ति की है।

43. पशुपालन एवं डेयरी विभाग **20वीं पशुगणना -2019** जारी की।

नोट: पशुगणना -2019 के अनुसार, भारत में पशुओं की आबादी 535 मिलियन से अधिक हो गई है, जो पशुगणना -2018 में 4.6% की वृद्धि दर्शाती है। मवेशियों का भाग लगभाग 36% है, बकरी 27% से अधिक है, भैंस 20% से अधिक है, गाय 18% (संख्या - 145 मिलियन से अधिक), भेड़ लगभग 14% और सूअर लगभग 2% हैं। पशुगणना वर्ष 1919 से समय-समय पर देश भर में की जाती है। 20वीं पशुगणना पूरे देश में लगभग 6.6 लाख गांवों और 89 हजार शहरी वार्डों में की गई।

44. केंद्रीय रेल मंत्री **पीयूष गोयल** ने नौ **'सेवा सर्विस' ट्रेनों को** हरी झंडी दिखाई।

नोट: ये ट्रेनें छोटे शहरों को प्रमुख शहरों से जोड़ती हैं और उनमें से एक, वडनगर-मेहसाणा ट्रेन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रेलवे का उपहार है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी छोटी उम्र में वडनगर स्टेशन पर चाय बेची थी। रेलवे द्वारा बिना किसी अतिरिक्त निवेश के 9 'सेवा सर्विस' ट्रेनें शुरू की गईं।

45. **2019 वर्ल्ड गिविंग इंडेक्स (WGI)** के सर्वेक्षण में 128 देशों के बीच भारत का स्थान **82वां** रहा।

नोट: यह प्रत्येक देश, जो पिछले एक दशक (वर्ष 2009 से 2018) में CAF द्वारा किए गए सर्वेक्षणों में उभरकर सामने आए हैं और दुनिया भर के 1.3 मिलियन लोगों के लिए समग्र रुझान है। WGI के अनुसार, अमेरिका शीर्ष पर रहा, इसके बाद म्यांमार, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया आयरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन, श्रीलंका और इंडोनेशिया का स्थान है। पिछले दशक में भारत के लिए औसत आंकड़े बताते हैं कि 34 प्रतिशत लोगों ने एक अजनबी की मदद की, 24% ने धन दान किया और 19% ने स्वेच्छा से अपना समय दिया।

46. भारतीय शतरंज खिलाड़ी जिन्होंने **"माइंड मास्टर: विनिंग लेसन्स फ्रॉम ए चैंपियंस लाइफ"** नामक पुस्तक लिखी -- **विश्वनाथन आनंद।**

नोट: पुस्तक शतरंज के खेल में उनके अनुभव पर आधारित है। पुस्तक में, वह अपनी बड़ी जीत और बुरी हारों, बेहतरीन खिलाड़ियों के खिलाफ खेल के अपने अनूठे अनुभव पर फिर से चर्चा कर रहे हैं। पुस्तक में, वे जो तरीके जीत के लिए तैयार करते हैं, निराशाओं का सामना करते हैं और बस, खेल में बने रहते हैं, दिए गए हैं।

47. 50वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में गोल्डन पीकॉक अवार्ड के लिए **पंद्रह** फिल्में प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगी।

नोट: फिल्मों का चयन 700 से अधिक प्रविष्टियों से किया गया है। सिनेमैटोग्राफर और एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंसेज के पूर्व अध्यक्ष श्री जॉन बेली 50वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक समिति की अध्यक्षता करेंगे। प्रख्यात फिल्म

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

निर्माता, श्री रमेश सिप्पी अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक समिति में भारतीय सदस्य हैं।

48. रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने **सैनिक स्कूलों** में छात्राओं के प्रवेश के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी।
नोट: मिजोरम में सैनिक स्कूल छिन्ग्छिप (2 वर्ष पहले) में बालिकाओं के प्रवेश के लिए मंत्रालय द्वारा शुरू की गई प्रायौगिक परियोजना की सफलता के बाद यह निर्णय लिया गया है। यह निर्णय सरकार के अधिक समावेशीता, लैंगिक समानता, सशस्त्र बलों में महिलाओं की अधिक भागीदारी को सक्षम बनाने और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के आदर्श वाक्य को साकार करने के उद्देश्य से लिया गया है।

49. रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने **लद्दाख में 'कर्नल चेवांग रिनचेन सेतु'** का उद्घाटन किया ।
नोट: कर्नल चेवांग रिनचेन सेतु का निर्माण लद्दाख क्षेत्र के अग्रिम क्षेत्र में 14,650 फीट की ऊंचाई पर किया गया है। यह पुल (1400 फीट विस्तार) सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा बनाया गया है। इसका नाम कर्नल चेवांग रिनचेन (2 बार के महावीरचक्र प्राप्तकर्ता) के सम्मान में रखा गया है, जो लद्दाख से भारतीय सेना में उच्च अधिकारियों में से एक थे।यह पुल पूर्वी लद्दाख के उत्तरी उप क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सड़क दुरबुक दौलत बेग ओल्डी पर बनाया गया है।

50. नई दिल्ली में **'ब्रिजिटल नेशन: सॉल्विंग टेक्नोलॉजीस पीपुल प्रॉब्लम'** नामक पुस्तक का विमोचन **प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने** किया।
नोट: श्री मोदी ने प्रख्यात उद्योगपति और समाजसेवी **रतन टाटा** को पुस्तक की पहली प्रति भेंट की। पुस्तक के लेखक एन. चंद्रशेखरन (अध्यक्ष, टाटा संस) और रूप पुरुषोत्तम हैं। पुस्तक 'ब्रिजिटल नेशन' भविष्य की एक प्रभावशाली झलक प्रस्तुत करती है जहां प्रौद्योगिकी और मानव परस्पर लाभकारी पारिस्थितिकी तंत्र में साथ-साथ हैं।

51. दुनिया का सबसे ऊंचा युद्ध क्षेत्र जो पर्यटन के लिए खोला गया -- **सियाचिन ग्लेशियर।**
नोट: रक्षा मंत्री **राजनाथ सिंह** ने घोषणा की कि **सियाचिन ग्लेशियर** (दुनिया का सबसे ऊंचा युद्ध क्षेत्र) अब पर्यटन के लिए खुला है। लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश घोषित करने के कुछ महीनों बाद यह फैसला लिया गया। सियाचिन ग्लेशियर (लगभग 20,000 फीट) भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद का विषय है और भारतीय सेना ने वर्ष 1984 में इस पर नियंत्रण हासिल कर लिया था (ऑपरेशन मेघदूत)।

52. अमेरिकी बहुराष्ट्रीय राइडशेयरिंग कंपनी जिसने दिल्ली में अपनी सार्वजनिक परिवहन सेवा शुरू की- **उबर।**
नोट: इस सुविधा के साथ, दिल्ली में उबेर के उपयोगकर्ता सार्वजनिक परिवहन के विकल्प का भी उपयोग कर सकेंगे जो ऐप पर प्रदर्शित होगा। एक बार जब उपयोगकर्ता इस विकल्प का उपयोग करते हैं, तो उबर शहर में मेट्रो या बस का उपयोग करने के लिए तीन सर्वोत्तम मार्ग दिखाएगा।

53. **भारत-बांग्लादेश हितधारक बैठक गुवाहाटी में** हुई।
नोट: दो केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री के दो सलाहकारों वाला बांग्लादेश का 70 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बैठक में भाग ले रहा है। बैठक का विचार असम को आसियान और बांग्लादेश, भूटान और नेपाल अथवा BBN देशों के साथ भारत के व्यापार विस्तार के केंद्र बिंदु में रखना है।

54. केंद्र सरकार अगले कुछ वर्षों में देश में **एक लाख** डिजिटल गांव स्थापित करेगी।
नोट: ये गांव उद्यमिता संवर्धन केंद्र होंगे। मंत्री ने देश के सुदूर क्षेत्रों में स्थित सभी उद्यम और उद्यमिता के डिजिटल मानचित्रण की आवश्यकता पर भी जोर दिया। टेक स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र में सभी गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय समन्वय केंद्र और परस्पर संबद्ध केंद्र के रूप में कार्य करने हेतु एक अतिव्यापी सहयोगी मंच के रूप में MSH की कल्पना की गई है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

55. ITC **ग्रुप** ने दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट लॉन्च की, जिसकी लगभग कीमत है -- **4.3 लाख रुपये प्रति किलोग्राम।**

नोट: ITC के लक्जरी चॉकलेट ब्रांड फैबेल एक्सक्लूसिव चॉकलेट्स ने अपनी रेंज चॉकलेट 'ट्रिनिटी - ट्रफल्स एक्स्ट्राऑर्डिनेयर' शुरू की है - जिसने दुनिया की सबसे महंगी चॉकलेट के रूप में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया। सीमित संस्करण जिसमें 15 ट्रफल्स होते हैं, प्रत्येक का वजन लगभग 15 ग्राम होता है। आदेशानुसार निर्मित बॉक्स सभी करों सहित एक लाख रुपये की रिआयती कीमत पर उपलब्ध होगा।

56. सरकार ने किस वर्ष के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की -- **वर्ष 2020-21।**

नोट: गेहूं का MSP 85 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 1,925 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। जबकि चने का MSP 255 रुपये, जौ का 85 रुपये, सरसों के तेल का 225 रुपये और सूरजमुखी का 270 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है।**न्यूनतम समर्थन मूल्य** (MSP) भारत सरकार द्वारा किसान से प्रत्यक्ष रूप से कृषि उत्पाद खरीदने के लिए निर्धारित एक मूल्य है।

57. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक पुनरुत्थान योजना को मंजूरी दी और **BSNL** तथा किस कंपनी के विलय को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी -- **MTNL (महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड)।**

नोट: पुनरुत्थान योजना के तहत, 15 हजार करोड़ रुपए के सॉवरेन बॉन्ड जारी किए जाएंगे और 38,000 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति का मुद्रीकरण किया जाएगा। कंपनी के कर्मचारियों को आकर्षक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना पैकेज प्रदान किया जाएगा।

58. पहला **ग्लोबल बायो-इंडिया 2019** शिखर सम्मेलन **नई दिल्ली में** आयोजित किया जाएगा।

नोट: यह पहली बार है जब भारत निवेश हेतु, हमारी स्वदेशी क्षमता का प्रदर्शन करने और स्वदेशी प्रतिभा समूह की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बायोटेक समुदाय हेतु एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगा। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) अपने सार्वजनिक उपक्रम जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (BIRAC) के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

59. एक भारतीय इतिहासकार **काशी नाथ पंडित** की नई पुस्तक -- **टेन स्टडीज इन कश्मीर: हिस्ट्री एंड पॉलिटिक्स।**

नोट: पुस्तक अकादमिक फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक जम्मू और कश्मीर के राजनीतिक और भौगोलिक समेकन के समय से लेकर राज्य के विशेष दर्जे के निरस्तीकरण तक के इतिहास को दर्शाती है। यह पुस्तक, जो अनुच्छेद 370 के प्रावधानों के रद्द (अगस्त 2019 में) होने के बाद जारी हुई है, वर्ष 1947 से होने वाली घटनाओं से लेकर राज्य के विशेष दर्जे के निरसन तक प्रकाश डालेगी।

60. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कौन सा मिशन प्रारंभ करेगा -- **"मिशन इन्द्रधनुष 2.0"।**

नोट: यह देश भर के 271 जिलों और उत्तर प्रदेश एवं बिहार में स्थित 652 ब्लॉकों में बड़े पैमाने पर टीकाकरण कार्यक्रम करेगा। यह "निम्न टीकाकरण क्षेत्र" के रूप में पहचाने गए क्षेत्रों में चलाया जाएगा। संपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम 2 वर्ष तक के बच्चों और सभी गर्भवती महिलाओं के लिए समर्पित है।

61. भारत सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और IT मंत्रालय (MeitY) और नीति आयोग के बीच के विवादों को सुलझाने हेतु किसकी अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया -- **के. विजय राघवन।**

नोट: समिति को AI मिशन के कार्यान्वयन पर नजर रखने के लिए विभिन्न एजेंसियों की भूमिका को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते समय विभिन्न सरकारी शाखाओं के बीच काम के प्रतिलिपिकरण को रोकने का कार्य सौंपा गया है।

62. 195 देशों के बीच **'वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा सूचकांक 2019'** में भारत का स्थान -- **57वां स्थान।**

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

नोट: यह द इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट के शोध के साथ न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव (NTI) और जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर हेल्थ सिक्योरिटी का प्रॉजेक्ट है।

63. भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास जो राजस्थान में आयोजित किया जाएगा -- **'अभ्यास शक्ति-2019'।**
नोट: संयुक्त अभ्यास संयुक्त राष्ट्र आज्ञा पत्र के अंतर्गत अर्ध-मरुस्थलीय क्षेत्र की पृष्ठभूमि में आतंकवाद-रोधी अभियानों पर केंद्रित होगा।

64. **भारत सरकार** ने राष्ट्र के स्वामित्व वाली **हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड** और **पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड** को कौन सा दर्जा प्रदान किया __ **'महारत्न' कंपनी।**
नोट: यह दोनों उद्यमों को अधिक क्रियाशील और वित्तीय स्वायत्तता प्रदान करेगा, क्योंकि महारत्न का दर्जा वित्तीय फैसले लेने के लिए उनके बोर्डों को अधिक शक्तियां देगा।

65. **भारतीय सेना** वर्ष 2019 में **"सिंधु सुदर्शन" अभ्यास** आयोजित करेगी -- **राजस्थान।**
नोट: भारतीय सेना राजस्थान के रेगिस्तान में वर्ष 2019 के लिए **"सिंधु सुदर्शन" अभ्यास** आयोजित करेगी (29 नवंबर से 4 दिसंबर 2019)। इस अभ्यास का उद्देश्य समेकित वायु-स्थल युद्ध में रक्षा सेवाओं की क्षमता का मूल्यांकन करना है। सेना के अभ्यास 'सिंधु सुदर्शन' में 40,000 से अधिक सैनिक भाग लेंगे।

66. CBSE और NCERT ने किन कक्षाओं के लिए 'तमन्ना' अभिक्षमता परीक्षा शुरू की____**कक्षा 9 और 10 के छात्रों।**
नोट: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) और **राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (NCERT)** ने **'तमन्ना'** (Try and Measure Aptitude and Natural Abilities) नामक एक ऑनलाइन अभिक्षमता परीक्षा (aptitude test) शुरू की है।इससे 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों को बेहतर विषय का चयन करने में मदद मिलेगी, जिससे वे कक्षा 11 और 12 में विषयों का चयन करते समय सुविज्ञ निर्णय ले सकेंगे।

67. **'फाइनेंशियल टाइम्स मास्टर्स इन मैनेजमेंट रैंकिंग 2019'** में विश्व स्तर पर **17वां स्थान** किसने हासिल किया __ **भारतीय प्रबंधन संस्थान कलकत्ता (IIMC)।**
नोट: सूची में स्विट्जरलैंड की सेंटगैलन यूनिवर्सिटी शीर्ष स्थान पर रही, इसके बाद **HEC** पेरिस, फ्रांस और लंदन बिजनेस स्कूल, यूके का स्थान था।IIMC को 2 वर्षीय मास्टर्स इन बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (इससे पहले पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट) के लिए स्थान मिला।

68. **"द अनक्वाइट रिवर: ए बायोग्राफी ऑफ द ब्रह्मपुत्र"** नामक नई पुस्तक के लेखक -- **अरुपज्योति सैकिया।**
नोट: पुस्तक का प्रकाशन **ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस** (OUP) द्वारा किया गया है। पुस्तक में नदी की दीर्घ वंशावली और असम पर्यावरण में इसकी केंद्रीयता का वर्णन किया गया है। यह नदी और बाढ़, पानी और जमीन, मानव और अमानवों की पारस्परिक कहानी है, जो निरंतर रूप से अभिसरित रहती है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. इंडिया टूरिज्म के सहयोग से फिल्म डिवीजन द्वारा एक गांधी फिल्म महोत्सव का आयोजन मुंबई में किया जाएगा।
नोट: यह फिल्म महोत्सव (महात्मा गांधी की 150वीं जयंती) गांधीजी के अहिंसा और स्वच्छ भारत के संदेश पर केंद्रित होगा। फिल्म डिवीजन कॉम्प्लेक्स में चुनिंदा डॉक्यूमेंट्री और फीचर फिल्में दिखाई जाएंगी, जिनमें द मेकिंग ऑफ महात्मा, गांधी, 'गांधी माई फादर' और 'मैने गांधी को नहीं मारा' शामिल हैं।

2. मेघालय राज्य सरकार ने वर्ष 2022 तक राज्य को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सीमेंट कंपनी 'डालमिया सीमेंट' के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
   नोट: इस समझौते का उद्देश्य प्लास्टिक अपशिष्ट को उनके सीमेंट संयंत्रों के लिए ईंधन में परिवर्तित करना और साथ ही सभी पर्यावरणीय मानकों को सुनिश्चित करना है। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शिलांग में एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
3. मैग्नीशियम कार्बोनेट, निकोटीन, तंबाकू, खनिज तेल और सुगंधित 'सुपारी' युक्त पान मसाले पर प्रतिबंध लगाने वाली राजस्थान सरकार है।
   नोट: ऐसे सभी उत्पादों को अब खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राज्य में प्रतिबंधित किया जाएगा। युवाओं में नशे की लत को रोकने के लिए लिया गया यह एक महत्वपूर्ण फैसला है। राज्य में इन उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री की अनुमति नहीं होगी। इसके साथ, महाराष्ट्र और बिहार के बाद राजस्थान इस तरह के कदम उठाने वाला तीसरा राज्य बन गया है।
4. प्लास्टिक कचरे से बने भारत के सबसे बड़े चरखे का उद्घाटन नोएडा में कहां किया गया।
   नोट: 1,650 किलोग्राम का चरखा महामाया फ्लाईओवर के पास सेक्टर 94 में लगाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, चरखा, जो महात्मा गांधी के स्वदेशी (स्वाधीनता और आत्मनिर्भरता) के सपने का प्रतीक है, की माप 14 फीट X 20 फीट X 8 फीट है और यह 1,250 किलोग्राम अपशिष्ट प्लास्टिक से बना है। चरखे को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा देश में अपशिष्ट प्लास्टिक से बनी सबसे बड़ी संरचना के रूप में मान्यता दी गई है।
5. ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शासन को जन-केंद्रित बनाने के उद्देश्य से 'मो सरकार' पहल का औपचारिक रूप से शुरू किया गया।
   नोट: पहल का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को सम्मान के साथ सेवा प्रदान करना है। लोक सेवाओं के वितरण से संबंधित सभी विभाग 5 मार्च, 2020 तक 'मो सरकार' कार्यक्रम लागू करेंगे। पहल के भाग के रूप में, सरकार सरकारी अधिकारियों के व्यवहार और पेशेवर दक्षता पर प्रतिक्रिया प्राप्त करेगी।
6. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने YSR वाहन मित्र योजना शुरू की।
   नोट: इस योजना के तहत सरकार ऑटो, टैक्सी और मैक्सी कैब के स्वनियोजित चालकों को 10,000 रुपये का भत्ता प्रदान करेगी। 10,000 रुपये की धनराशि आवर्ती व्यय जैसे फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए वाहन के बीमा और रखरखाव हेतु है। हर वर्ष 10,000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा और धनराशि सीधे बैंक खातों में जमा की जाएगी।
7. भोपाल नगर निगम (BMC) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने भोपाल में देश का पहला ई-वेस्ट क्लीनिक स्थापित करने के लिए करार किया।
   नोट: यह घरेलू और वाणिज्यिक दोनों जगहों से कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण और निपटान को सक्षम बनाएगा।क्लिनिक तीन महीने की प्रायौगिक योजना है, इसके सफल रहेने पर इसे देश में किसी दूसरे स्थान पर दोहराया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को घर-घर से एकत्र किया जाएगा या शुल्क विनिमय पर सीधे क्लिनिक में जमा किया जाएगा।
8. पंजाब सरकार ने न्यायमूर्ति विनोद कुमार शर्मा को पंजाब के लोकपाल के पद पर नियुक्त किया।
   नोट: न्यायमूर्ति सतीश कुमार मित्तल ने अप्रैल, 2018 में लोकपाल के पद से इस्तीफा दे दिया था और हरियाणा मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष बन गए थे, तब से यह पद रिक्त था। न्यायामूर्ति शर्मा ने वर्ष 1974 से मार्च, 2006 तक पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने से पहले पंजाब

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में काम किया था।

9. **छत्तीसगढ़ राज्य** के अंबिकापुर शहर में अपनी तरह का पहला **'गार्बेज कैफे'** खोला गया।
नोट: इस अनूठे **'कैफे'** में, गरीब लोगों और **कचरा बीनने वालों को एक किलोग्राम प्लास्टिक** के बदले में **मुफ्त भोजन मिलेगा**, जबकि **आधा किलोग्राम प्लास्टिक** के बदले में सुबह का नाश्ता उपलब्ध कराया जाएगा। कैफे का संचालन **अंबिकापुर नगर निगम** द्वारा किया जा रहा है। **एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे** को आगे चलकर छोटे कणों में बदल दिया जाएगा और फिर इसका उपयोग शहर में सड़कों के निर्माण में किया जाएगा।

10. तेलंगाना पुलिस ने अपने **"हॉक-आई" ऐप** को इंटरनेट-आधारित कैब सेवा प्रदान करने वाली हर कंपनी या व्यक्ति से लिंक करना अनिवार्य किया।
नोट: इसमें इंटरनेट-आधारित कैब सेवा प्रदान करने वाली हर कंपनी या व्यक्ति के लिए एक "आपातकालीन बटन" दिया गया है। जब **संकटग्रस्त यात्री बटन दबाएगा**, तो संदेश एक बैक-एंड ऑपरेशनल कार्य के माध्यम से तेलंगाना पुलिस के हॉक-आई ऐप को भेजा जाएगा जो पुलिस को कैब की जगह और अन्य विवरण पहुंचाएगा। आपातकालीन बटन को इस तरह से जोड़ा जाएगा ताकि पुलिस गश्ती दल को सतर्क किया जा सके।

11. त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने राज्य के लिए 'अंगीकार' अभियान का उद्घाटन किया।
नोट: 'अंगीकार' अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (PMAY-U) के लाभार्थियों को अन्य केंद्र सरकार द्वारा कार्यान्वित योजना के तहत लाना है। राज्य का लक्ष्य मार्च 2020 तक 26 लाख आयुष्मान भारत कार्ड बनाना है।

12. केंद्रीय राज्य मंत्री श्री आर.के. सिंह ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन टेंट सिटी, नर्मदा में किया।
नोट: सम्मेलन में राज्यों के ऊर्जा मंत्री और ऊर्जा विभागों के शीर्ष अधिकारी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में ऊर्जा और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र जैसे - सभी को 24/7 विद्युत आपूर्ति, व्यापार करने में आसानी, अनुबंधों की पूर्णता, नियामक मुद्दों, विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।विद्युत मंत्रालय के तहत एक **PSU पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन** (PFC) ने को रेटिंग कार्यों के लिए ICRA और CARE को क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के रूप में चुना है।

13. भारत और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने राजस्थान में सड़क मार्ग में सुधार के लिए 190 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।
नोट: वित्त मंत्रालय के अनुसार, राज्य के 754 किलोमीटर के राजमार्गों के विकास के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे राजस्थान के 14 जिलों में लगभग 26 मिलियन लोगों को लाभ मिलेगा। इस परियोजना में यात्रियों और पैदल यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के लाभ के लिए सड़क परियोजना पर 200 से अधिक बस स्टॉप और सड़क से कुछ ऊंचाई पर 2 किलोमीटर के फुटपाथ का निर्माण करने का प्रावधान है।

14. सरस आजीविका मेला (ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित) इंडिया गेट लॉन, नई दिल्ली में प्रारंभ हुआ।
नोट: इस मेले का उद्देश्य दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से गठित ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने, अपने उत्पादों को बेचने और उन्हें थोक खरीदारों के साथ संपर्क बढ़ाने में मदद करने के लिए एक मंच पर लाना है।

15. आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री **श्री हरदीप सिंह पुरी** ने 'एम हरियाली' मोबाइल ऐप लॉन्च किया।
नोट: अब, लोग अपने द्वारा किए गए किसी भी वृक्षारोपण की जानकारी/स्वीरें अपलोड कर सकते हैं, जो

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

ऐप से जुड़ी होगी और वेबसाइट www.epgc.gov.in पर प्रदर्शित की जाएगी। ऐप पौधों की स्वत: जियोटैगिंग प्रदान करता है। यह ऐप नोडल अधिकारियों को समय-समय पर वृक्षारोपण की निगरानी करने में भी सक्षम बनाएगा।

16. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने '**मार्शल ऑफ IAF दिवंगत अर्जन सिंह**' सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया।

नोट: अर्जन सिंह (वायु सेनाध्यक्ष - अगस्त 1964 से जुलाई 1969) भारतीय सैन्य इतिहास के प्रतीक है और उन्हें वर्ष 1965 के युद्ध के दौरान एक युवा भारतीय वायुसेना को उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान करने के लिए याद किया जाता है। जनवरी 2002 में, भारत सरकार ने उन्हें मार्शल ऑफ IAF की उपाधि दी।श्री सिंह भारतीय वायुसेना के एकमात्र अधिकारी हैं, जिन्हें फाइव-स्टार रैंक दी गई है।

17. दिल्ली के उपराज्यपाल **अनिल बैजल** ने **भवन निर्माण योजनाओं** को मंजूरी देने हेतु एक **ऑनलाइन मॉड्यूल** शुरू किया।

नोट: अनिल बैजल (दिल्ली उपराज्यपाल) ने नगर निगमों द्वारा स्व-प्रमाणन के आधार पर 500 वर्ग मीटर तक के भूखंडों के लिए भवन निर्माण योजना को मंजूरी देने हेतु एक **ऑनलाइन मॉड्यूल** शुरू किया है। भवन निर्माण योजना प्रमाण पत्र की मंजूरी हेतु प्रक्रिया को ऑनलाइन दर्ज करने के लिए एक आर्किटेक्ट की आवश्यकता होगी। प्रस्तुत मामले की ऑनलाइन भवन निर्माण योजना प्रणाली (OBPS) मॉड्यूल के नियमों द्वारा स्वचालित रूप से जांच की जाएगी।

18. NH 44 (जम्मू और कश्मीर में) पर **चेनानी-नाशरी सुरंग** का नाम **डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी** के नाम पर रखा जाएगा।

नोट: केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार, यह मुखर्जी की कश्मीर के लिए एक राष्ट्र एक ध्वज हेतु लड़ाई के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक भारतीय राजनीतिज्ञ, बैरिस्टर और शिक्षाविद थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में कार्य किया।

19. केंद्रीय मंत्री **प्रहलाद सिंह पटेल** ने **मणिपुर में** स्थित उखरुल के शिरु वांगयान ग्राउंड में **'2019 शिरुई लिली महोत्सव' (तीसरा)** का उद्घाटन किया।

नोट: इस महोत्सव में उखरूल जिले के निवासियों की **सदियों पुरानी परंपराओं** और संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। यह पहल क्षेत्र के बाहर के युवाओं को उत्तर-पूर्व के बारे में सकारात्मक धारणा विकसित करने के लिए एक अवसर प्रदान करेगी। श्री पटेल और एन. बिरेन सिंह (मणिपुर के मुख्यमंत्री) ने संयुक्त रूप से चार दिवसीय राज्य महोत्सव के तीसरे संस्करण की शुरुआत के उपलक्ष्य में स्ट्रेंथ ऑफ यूनिटी प्रतिमा का उद्घाटन किया।

20. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री **वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी** ने **नेल्लोर** में **'YSR रायथू भरोसा - प्रधानमंत्री किसान' योजना** शुरू की।

नोट: इस योजना के तहत, किसानों को तीन किस्तों में 13,500 रुपये प्रतिवर्ष की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें राज्य सरकार का योगदान 7,500 रुपये और केंद्र का योगदान 6,000 रुपये है। आंध्र प्रदेश सरकार ने योजना के लिए 5,500 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया और लाभार्थियों की संख्या प्रारंभ में लगभग 40 लाख रखी गई।

21. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री **कमलनाथ** ने **इंदौर में** दो दिवसीय **मैग्नीफिसेंट मध्य प्रदेश कॉफ्रेंस** का उद्घाटन किया।

नोट: मुख्यमंत्री कमलनाथ ने **ब्रिलियंट कन्वेंशन संटर**, इंदौर में वैश्विक व्यापार प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। कई प्रसिद्ध उद्योगपति इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। 4,385 करोड़ रुपये के विदेशी निवेश प्रस्ताव मध्य प्रदेश में विचार या अंतिम चरण की प्रक्रिया में हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

22. **नितिन गडकरी** ने **श्री गुरु नानक देव जी मार्ग के नाम** नए **राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 703AA** के नाम की घोषणा की।

नोट: कपूरथला से गोइंदवाल साहिब को जोड़ने वाली सड़क और पंजाब में तरण तारण के निकट समाप्त होने वाली सड़क को नया राष्ट्रीय राजमार्ग '703AA' (अगले महीने से प्रभावी) घोषित किया गया है। श्री गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के उपलक्ष्य में यह निर्णय लिया गया।

23. बिना सहायता वाले क्षेत्रों सहित निजी शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के लिए **मातृत्व अवकाश लाभ** का विस्तार करने वाली राज्य सरकार **केरल है।**

नोट: केंद्र सरकार ने इन शिक्षकों और कर्मचारियों को मातृत्व लाभ अधिनियम के अंतर्गत लाने के केरल सरकार के फैसले को मंजूरी दे दी है। अधिनियम में संशोधन के लागू होने के बाद, केरल निजी शैक्षणिक क्षेत्र में मातृत्व लाभ प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

24. ओडिशा का सबसे बड़ा व्यापार मेला **बाली जात्रा** इस वर्ष **12 नवंबर को** प्रारंभ होगा।

नोट: ओडिया कैलेंडर के अनुसार, महोत्सव हर वर्ष कार्तिक महीने की पूर्णिमा से मनाया जाता है। बाली जात्रा 'कटक जिला प्रशासन, जिला सांस्कृतिक परिषद और कटक नगर निगम (CMC) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। व्यापार मेला आठ दिनों तक चलेगा।

25. **पश्चिम बंगाल सरकार** ने **कलकत्ता लेदर कॉम्प्लेक्स** (परिवर्तित नाम कर्मदिगंता) के अवसंरचना विकास के लिए 540 करोड़ रुपये का निवेश करने का फैसला किया, यह **24 परगना जिले के बंटाला में** स्थित है।

नोट: कर्मदिगंता कॉम्प्लेक्स को एशिया का पहला एकीकृत लेदर कॉम्प्लेक्स माना जाता है। पश्चिम बंगाल सरकार अगले पांच वर्षों में लक्ष्य बढ़ाकर 30,000 करोड़ रुपये करने की योजना बना रही है।

26. **असम सरकार** के अनुसार वर्ष 2021 के बाद दो से अधिक संतानों वाले व्यक्तियों को कोई सरकारी नौकरी नहीं दी जाएगी।

नोट: असम राज्य मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि, छोटे परिवार के मानक के अनुसार, 1 जून, 2021 के बाद दो से अधिक संतानों वाले व्यक्तियों को कोई सरकारी नौकरी नहीं दी जाएगी। इस योजना में कहा गया है कि दो बच्चों वाले नौकरी के उम्मीदवार व्यक्ति केवल सरकारी रोजगार के लिए पात्र होंगे।

27. राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने कहां पर **विश्व शांति स्तूप** के एक दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह का उद्घाटन किया ___**राजगीर, बिहार।**

नोट: जापान, थाईलैंड, श्रीलंका, भूटान, नेपाल, अमेरिका और अन्य देशों के 300 से अधिक बौद्ध भिक्षु, भक्त और प्रतिष्ठित व्यक्ति समारोह में भाग लेने के लिए पहुंचे।

28. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री **योगी आदित्यनाथ** ने **कन्या सुमंगला योजना** शुरू की।

नोट: यह योजना प्रत्येक परिवार जिसमें कन्या का जन्म होता है, को चरणबद्ध तरीके से 15 हजार रुपये की धनराशि प्रदान करेगी। इस योजना को इस प्रकार से तैयार किया गया है कि माता-पिता को लाभ प्राप्त करने के लिए कन्या के स्वास्थ्य और शिक्षा का ध्यान रखना होगा।

29. **विश्व बैंक** ने भारत सरकार और किसके साथ **165 मिलियन डॉलर के त्रिपक्षीय ऋण समझौते** पर हस्ताक्षर किए-- **ओडिशा सरकार।**

नोट: इस ऋण समझौते के तहत ओडिशा के उन ग्रामीण क्षेत्रों में "द ओडिशा इंटीग्रेटेड इरीगेशन प्रोजेक्ट फॉर क्लाइमेट रेजिलिएंट एग्रीकल्चर" परियोजना को लागू किया जाएगा, जो सूखा ग्रस्त हैं और बड़े पैमाने पर वर्षा आधारित कृषि पर निर्भर हैं। यह परियोजना ओडिशा में

128,000 हेक्टेयर कृषि भूमि का प्रबंधन करके आय वृद्धि के लिए अपनी उपज के विपणन में विविधता और सुधार लाएगी।

30. **लद्दाख प्रशासन** पहले तीन दिवसीय **लद्दाख साहित्य महोत्सव** का आयोजन **29 से 31 अक्टूबर तक** करेगा।
नोट: लद्दाख साहित्य महोत्सव का उद्देश्य कला, संस्कृति और साहित्य विषयों में क्षेत्र की विशिष्टता का प्रचार करना है।

31. ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कौन सी सामाजिक सेवा पहल शुरू की -- **'ओडिशा मो परिवार'।**
नोट: 'ओडिशा मो परिवार' (ओडिशा, मेरा परिवार) कार्यक्रम के अंतर्गत, पार्टी के नेता पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयं को समर्पित करेंगे और व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करेंगे, और जनता के बीच जागरूकता फैलाएंगे।

32. **'होरी हब्बा',** कहां का एक लोकप्रिय बैल पकड़ने वाला उत्सव है -- **कर्नाटक।**
नोट: यह फसल के मौसम के दौरान मनाया जाता है। यह एक प्राचीन लोक खेल है जो कर्नाटक के हावेरी जिले में मनाया जाता है, और तमिलनाडु में जल्लीकट्टू और दक्षिण कन्नड़ जिले के कंबाला की तर्ज पर खेला जाता है।

33. **गौरा-गौरी पर्व छत्तीसगढ़ में** मनाया गया।
नोट: यह दिवाली के अगले दिन मनाया जाता है। यह पर्व छत्तीसगढ़ के लोगों के ग्राम्य जीवन का जश्न मनाता है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. भारत और कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘KAZIND - 2019’ का आयोजन पिथौरागढ़, उत्तराखंड में किया।
नोट: इस अभ्यास में भारतीय और कजाकिस्तान दोनों सेना के लगभग 100 सैनिक शामिल होंगे। अभ्यास ‘KAZIND - 2019’ एक वार्षिक कार्यक्रम का चौथा संस्करण है जो कजाकिस्तान और भारत में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास का उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर जोर देने के साथ सैन्य दल स्तर के संयुक्त प्रशिक्षण का आयोजन करना है।

2. चीन ने बीजिंग में राष्ट्र दिवस परेड में इंटरकॉन्टीनेंटल-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल ‘DF-41’ का अनावरण किया, जिसे पृथ्वी पर सबसे शक्तिशाली मिसाइल होने का दावा किया गया है।
नोट: DF-41 की मारक क्षमता 9,320 मील (15,000 किलोमीटर) है, जो पृथ्वी पर किसी भी मिसाइल से अधिक है।सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज में मिसाइल डिफेंस प्रॉजेक्ट के अनुसार मिसाइल अलग-अलग लक्ष्य पर निर्धारित 10 परमाणु विस्फोटक ले जाने में सक्षम है और तथ्यों के आधार पर 30 मिनट में अमेरिका पर हमला कर सकती है।
चीन द्वारा मनाई गई साम्यवादी शासन की 70वीं वर्षगांठ के राष्ट्र दिवस की परेड के दौरान DF-41 का अनावरण किया गया।

3. IMD स्मार्ट सिटी इंडेक्स के अनुसार, दुनिया का सबसे स्मार्ट शहर -- सिंगापुर।
नोट: IMD स्मार्ट सिटी इंडेक्स 2019 के पहले संस्करण में दुनिया भर के 102 शहरों को रैंक प्रदान की है।ज्यूरिख विश्व का दूसरा और ओस्लो तीसरा सबसे स्मार्ट शहर है। सूची के अन्य सबसे स्मार्ट शहर जेनेवा (चौथा), कोपेनहेगन (5वां), ऑकलैंड (6वां), ताइपे सिटी (7वां), हेलसिंकी (8वां), बिलबाओ (9वां) और डसेलडोर्फ (10वां) हैं।सूचकांक शहर के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने में स्मार्ट प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने में शहर के प्रयासों और सफलता का मूल्यांकन करता

है, इस प्रकार प्रत्येक शहर को 'स्मार्टनेस' के एक निश्चित स्तर पर स्थान प्रदान करता है।भारतीय शहर हैदराबाद सूची में 67वें स्थान पर है, जबकि भारत की राजधानी, नई दिल्ली दुनिया का 68वां स्मार्ट शहर है।

4. गांधी जी की "विरासत और मूल्यों" का सम्मान करने के उद्देश्य से महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट फिलिस्तीन ने जारी किया।
   नोट: फिलिस्तीन प्राधिकरण (PA) के दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, इशाक सदर ने PA में भारत के प्रतिनिधि सुनील कुमार की उपस्थिति में टिकट जारी किया।
5. ग्लोबल फायरपॉवर 2019 की सैन्य शक्ति (मिलेट्री स्ट्रेंथ) रैंकिंग में, भारतीय सेना को दक्षिण एशिया क्षेत्र में सबसे शक्तिशाल सेना का स्थान दिया गया।
   नोट: पाकिस्तान को दक्षिण एशिया में दूसरा और बांग्लादेश को तीसरी सबसे शक्तिशाली सैन्य शक्ति का स्थान दिया गया है। विश्व रैंकिंग में, अमेरिका सूची में सबसे ऊपर है, इसके बाद रूस और चीन हैं। 137 देशों की कुल सैन्य ताकत को GFP माना गया है।
6. अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक मानव रहित अंतरिक्ष यान जापान ने लॉन्च किया।
   नोट:H-2B रॉकेट ने मालवाहक जहाज 'Kounotori8' के साथ स्थानीय समयानुसार 1:05 बजे (16:05 GMT मंगलवार) को उड़ान भरी। यह प्रक्षेपण दक्षिण-पश्चिम जापान में जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से हुआ। Kounotori8, जिसका अर्थ जापानी भाषा में "white stork" होता है, ISS में अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग 5.3 टन आपूर्ति प्रदान करेगा, जिसमें ताजे भोजन और पानी के साथ-साथ प्रयोगों के लिए आवश्यक बैटरी और उपकरण भी शामिल हैं।
7. फुलपति पर्व नेपाल में आनंद और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।
   नोट: फुलपति दशाइन पर्व के सातवें दिन मनाया जाता है। नेपाली में, "फुल" का अर्थ है फूल और "पेति" का अर्थ है पत्ते और पौधे। नेपाल में नवरात्रि के सातवें दिन नौ प्रकार के फुलपति को घरों में लाने की परंपरा है।
8. भारत और कजाकिस्तान के बीच चौथा संयुक्त सैन्य अभ्यास 'KAZIND-2019' उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में शुरू हुआ।
   नोट: इस अभ्यास का उद्घाटन 111 इंडिपेंडेंट इन्फैंट्री ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर एस.के. मंडल ने किया। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, यह संयुक्त अभ्यास दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा। KAZIND-2019 में शामिल दोनों देशों के सैनिकों को जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में आतंकवाद विद्रोह और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।
9. भारत- मंगोलिया संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण, अभ्यास नोमैडिक ऐलीफैंट का 14वां संस्करण 5 अक्टूबर को शुरू हुआ।
   नोट: यह अभ्यास 5 से 18 अक्टूबर, 19 तक बकलोह में आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है। नोमैडिक ऐलीफैंट - XIV दो राष्ट्रों के बीच सैन्य अभ्यास का चौदहवां संस्करण है जिसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र आदेशपत्र के अंतर्गत आतंकवाद का मुकाबला करना है।संयुक्त अभ्यास से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और सैन्य संबंधों में वृद्धि होगी।
10. भारत और मैक्सिको के बीच **विदेश कार्यालय परामर्श का पांचवा दौर** नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
   नोट: दोनों पक्षों ने राजनीतिक, व्यापार और आर्थिक सहयोग सहित द्विपक्षीय सहयोग के सारे पहलुओं की समीक्षा की। दोनों पक्षों ने स्थापित द्विपक्षीय तंत्र के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

माध्यम से इन क्षेत्रों में एक नियमित वार्ता की आवश्यकता पर बल दिया।

11. **विश्व व्यापार संगठन** (WTO) द्वारा पहला विश्व कपास दिवस (WCD) जिनेवा में आयोजित किया गया।
नोट: यह समारोह विश्व कपास दिवस की आधिकारिक पहचान के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा में चार कपास देशों (बेनिन, बुर्किना फासो, चाड और माली) के आवेदन से शुरु हुआ है, जो वैश्विक स्तर पर कपास के महत्व को दर्शाता है। दुनिया में कपास के सबसे बड़े उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक के रूप में, भारत वैश्विक वस्तु के रूप में कपास के महत्व को पहचानने के अवसर के रूप में विश्व कपास दिवस का समर्थन करता है।

12. फ्रांस में **भारतीय वायु सेना** (IAF) की ओर से लंबे समय से **प्रतीक्षित 36 राफेल लड़ाकू जेट विमानों** में से पहला भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्राप्त किया ।
नोट: चार लड़ाकू जेट विमानों की **पहली खेप के मई, 2020 तक** भारत आने की उम्मीद है। विमानों को जमीन पर मार करने वाली **SCALP मिसाइलों से लैस किया जाएगा** जिनकी मारक क्षमता **300 किमी** से अधिक है। इन्हें IAF पायलटों द्वारा अंबाला बेस में लाने से **पहले परीक्षण और मंजूरी प्रक्रिया** के तहत कम से कम **1,500 घंटे फ्रांस** में उड़ाया जाएगा।

13. **वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक** के अनुसार, **वर्ष 2019 में दुनिया की सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी** अर्थव्यवस्था -- **सिंगापुर**।
नोट: सिंगापुर ने अधिकतम संभावित **100 में से 84.8 अंक अर्जित किए**, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका 141 अर्थव्यवस्थाओं की रैंकिंग में शीर्ष स्थान से विस्थापित हो गया। अमेरिका को दूसरे स्थान पर रखा गया है, जिसके बाद हांगकांग तीसरे स्थान पर और नीदरलैंड और स्विट्जरलैंड क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। इस वर्ष, भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक में 10 स्थान नीचे 68वें (वर्ष 2018- 58वें स्थान) खिसक गया है।

14. नासा ने रहस्यमय, गतिशील क्षेत्र जहां हवा और अंतरिक्ष मिलते हैं, का पता लगाने के लिए **'आइकन' नामक एक उपग्रह** लॉन्च किया।
नोट: उपग्रह 'आइकन' (Icon) का पूरा नाम आयनोस्फेरिक कनेक्शन एक्सप्लोरर है जिसे दो वर्ष की देरी से कक्षा में भेजा गया है। यह फ्लोरिडा तट से दूर अटलांटिक के ऊपर से उड़ान भरते हुए एक विमान से गिराया गया। उपग्रह के छोड़े जाने के पांच सेकंड बाद, उससे जुड़ा पेगासस रॉकेट शुरू हुआ, जिसने आइकन को उसके पथ पर भेजा।

15. टाइफून हेजिबीस ने 225 किमी/घंटा की वायु गति के साथ जापान से टकराते हुए वहां बाढ़ और भूस्खलन शुरू किया।
नोट: जापान के मुख्य द्वीप होंशू पर तूफान हेजिबीस के टकराने के बाद देश भर में 100 से अधिक लोग घायल हो गए। नागानो स्टेशन के पास पूर्वी जापान रेलवे कंपनी के रेलयार्ड में बाढ़ के पानी से बुलेट ट्रेन भी फंसी देखी गई। अब, जापान के उत्तर-पूर्वी तट पर तूफान एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात में कमजोर हो गया।

16. **शेख हसीना** ने घोषणा की है कि वर्ष 1965 के युद्ध के बाद भारत के साथ बंद हुए सभी रेल मार्ग फिर से खोले जाएंगे।
नोट: बांग्लादेश से सिलीगुड़ी होते हुए दार्जिलिंग के लिए ट्रेनें वर्ष 1965 तक चलाई गईं। इससे पहले, प्रधान मंत्री हसीना ने ढाका और कुरीग्राम के बीच पहली इंटरसिटी ट्रेन का उद्घाटन किया। भारत और ढाका के बीच पहली रेल लाइन वर्ष 2008 में खोली गई थी जब ढाका और कोलकाता के बीच मैत्री एक्सप्रेस शुरू की गई थी। वर्ष 2017 में कोलकाता और खुलना के बीच बंधन एक्सप्रेस भी शुरू की गई।

17. **भारतीय कलाकारों ने शारजाह** में बापू की 150वीं जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी के किस पसंदीदा भजन का गायन किया- **रघुपति राघव राजाराम।**
नोट: शारजाह में भारतीय संघ द्वारा आयोजित समारोह में विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन शामिल हुए। श्री मुरलीधरन 5वीं अबू धाबी वार्ता में भाग लेने के लिए UAE की दो दिवसीय यात्रा पर हैं।

18. **भारतीय वायु सेना** और **जापानी एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स** (JASDF) ने वार्षिक संयुक्त **सैन्य अभ्यास 'शिन्यू मैत्री' (Shinyuu Maitri)** प्रारंभ किया।
नोट: IAF की स्पेशल ऑपरेशन स्क्वाड्रन के C-130 J विमान और JASDF की टैक्टिकल एयरलिफ्ट स्क्वाड्रन के C-130 H विमान अभ्यास में भाग ले रहे हैं। यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त गतिशीलता और सामरिक पारस्परिकता पर केंद्रित है।

19. **मोहम्मद बिन जायद यूनिवर्सिटी ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** (MBZUAI) की स्थापना की घोषणा किसने की ___**संयुक्त अरब अमीरात (UAE)।**
नोट: यह विश्व में पहला स्नातक-स्तरीय अनुसंधान-आधारित AI विश्वविद्यालय होगा। MBZUAI स्नातक छात्रों, व्यवसायों और सरकारों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएगा।विश्वविद्यालय का नाम अबू धाबी के क्राउन प्रिंस और UAE सशस्त्र बलों के डिप्टी सुप्रीम कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के नाम पर रखा गया है। MBZUAI प्रवेश लेने वाले सभी छात्रों को पूर्ण छात्रवृत्ति और लाभ जैसे कि मासिक भत्ता, स्वास्थ्य बीमा और आवास प्रदान करेगा।

20. इंटरपोल भारत में महासभा **वर्ष 2022 में** आयोजित करेगा ।
नोट: चिली के सेंटिनैगो में आयोजित इस वर्ष की सभा में सदस्य देशों के भारी समर्थन के प्रस्ताव के बाद वर्ष 2022 में भारत **91वीं इंटरपोल महासभा** की मेजबानी करेगा। इंटरपोल की आम सभा सदस्य देशों द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है। संगठन में 17 डेटाबेसों में फैले 90 मिलियन रिकॉर्ड हैं।

21. अमेरिका की दो **महिला अंतरिक्ष यात्री क्रिस्टीना कोच और जेसिका कोमेर** स्पेसवॉक करने वाली पहली महिला जोड़ी बनी।
नोट: इस वर्ष की शुरुआत में, एक स्पेससूट खराबी के बाद मिशन को रद्द कर दिया गया था। उन्होंने अपने सूट और टेथर की मानक सुरक्षा जांच करने के बाद अपना मिशन शुरू किया। अमेरिका ने वर्ष 1983 में अपनी पहली महिला अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजा और अब तक किसी भी अन्य देश की तुलना में सर्वाधिक महिला अंतरिक्ष यात्री भेजी हैं।

22. अबू धाबी के पुरातत्वविदों ने **मारवाह द्वीप में** स्थित एक नवपाषाण स्थल पर काम करते हुए दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात प्राकृतिक मोती की खोज की।
नोट: 'अबू धाबी पर्ल' नामक मोती उन परतों में पाया गया था जो नवपाषाण काल के दौरान 5,800-5,600 ईसा पूर्व का रेडियोकार्बन था। यह खोज इस बात का प्रमाण है कि UAE में मोती और सीपों का उपयोग लगभग 8,000 साल पहले किया जा रहा था, और दुनिया में अब तक कहीं भी खोजे गए मोतियों में से सबसे पहला ज्ञात साक्ष्य है। अबू धाबी पर्ल की खोज से पहले, संयुक्त अरब अमीरात में सबसे पहला ज्ञात मोती, उम्म अल क्वैन में एक नवपाषाण स्थल से प्राप्त हुआ था।

23. **चीनी** ने सोलोमन द्वीप में किस पूरे द्वीप को पट्टे पर देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए -- **तुलागी।**
नोट: तुलागी 1,200 की आबादी वाला दो वर्ग किलोमीटर (0.8 वर्ग मील) का एक द्वीप है। यह एक पूर्व जापानी नौसेना बेस है और द्वितीय विश्व युद्ध में भयंकर युद्धक्षेत्र था। चाइना सैम के साथ समझौते में द्वीप पर एक रिफाइनरी विकसित करने का उल्लेख है, लेकिन एक चीनी सैन्य बेस के रूप में इसके दोहरे

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

उपयोग से संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की चिंता बढ़ना निश्चित है।

24. **संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम** (WFP) ने कौन सा सिनेमा विज्ञापन अभियान शुरू किया -- **फीड अवर फ्यूचर।**

नोट: अभियान का उद्देश्य भारत में भूख और कुपोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाना और कदम उठाना है। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) का मुख्यालय: रोम, इटली।

25. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने श्री सत्य साईं सनातन संस्कृति परियोजना का शिलान्यास **साईं नो सतो, काकेगावा, जापान में** किया।

26. **18वां गुटनिरपेक्ष आंदोलन** (NAM) शिखर सम्मेलन **बाकू, अजरबैजान** में हुआ।

नोट: गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) विश्व के उन 120 विकासशील देशों का एक मंच है जिनका किसी भी प्रमुख शक्ति गुटों के साथ या उनके विरुद्ध औपचारिक गठबंधन नहीं है।

27. जलवायु परिवर्तन पर **BASIC** (ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, भारत, चीन) देशों की **29वीं मंत्रिस्तरीय बैठक बीजिंग, चीन** आयोजित की गई ।

नोट: बैठक की अध्यक्षता पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मंत्री ली गेंजेई ने की।

28. दुनिया का पहला ब्लॉकचेन-आधारित **कार्बन ट्रेडिंग एक्सचेंज एयरकार्बन पीटीई** द्वारा शुरू किया गया।

नोट: एयर कार्बन एक्सचेंज कुछ कार्बन-शमन परियोजनाओं के पंजीकरण मूल्य का बिना किसी शुल्क के डेवलपर्स को वित्तपोषण करेगा ताकि व्यापार में ऋण प्रदान किया जा सके।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. 'क्लाइमेट न्यूट्रल नाउ' श्रेणी में प्रतिष्ठित यूएन ग्लोबल क्लाइमेट एक्शन अवार्ड इन्फोसिस ने जीता।
   नोट: जलवायु परिवर्तन से निपटने के अपने प्रयासों के सम्मान में इन्फोसिस भारत से एकमात्र कॉर्पोरेट है। यह अवॉर्ड इन्फोसिस को चिली के सैंटियागो में (दिसंबर 2019) संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP25) में प्रदान किया जाएगा।इन्फोसिस ने वर्ष 2008 में अपने कार्बन निशान के मूल्यांकन के साथ जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अपनी कार्यवाही शुरू की।
2. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अनुभवी क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को सबसे प्रभावी स्वच्छता एंबेसडर पुरस्कार से सम्मानित किया।
   नोट: यह पुरस्कार मास्टर ब्लास्टर सचिन को भारत द्वारा स्वच्छ भारत के लक्ष्य को हासिल करने में उनकी लोकप्रियता और प्रसिद्धि का उपयोग करने के लिए प्रदान किया गया था। यह पुरस्कार नई दिल्ली में इंडिया टुडे सफाईगिरी शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया। वर्ष 2014 में, सचिन तेंदुलकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया, वह देश में सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले सबसे युवा व्यक्ति थे।
3. किर्गिजस्तान के मानवाधिकार वकील जिन्होंने UNHCR नानसेन शरणार्थी अवार्ड अजीज़बेक आशुरोव ने जीता।
   नोट: किर्गिजस्तान के मानवाधिकार वकील, जिनके कार्यों ने किर्गीज़ गणराज्य को राष्ट्रीयताहीनता समाप्त करने वाला दुनिया का पहला देश बनने के प्रयासों में सहायता की, को संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के नानसेन शरणार्थी पुरस्कार के वर्ष 2019 के विजेता के रूप में चुना गया है। पुरस्कार में एक स्मारक पदक और 150,000 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है जो स्विट्जरलैंड और नॉर्वे की सरकारों द्वारा उपहार स्वरूप दिया जाता है।

4. 'स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत 2019' की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के स्वच्छतम रेलवे स्टेशनों की सूची में शीर्ष स्थान पर --- जयपुर।
नोट: देश के शीर्ष स्वच्छतम रेलवे स्टेशनों की सूची में राजस्थान के तीन रेलवे स्टेशनों को शामिल किया गया है। रेल मंत्रालय द्वारा किए गए रेलवे स्वच्छता सर्वेक्षण में, जयपुर जंक्शन पहले स्थान पर, जोधपुर रेलवे स्टेशन दूसरे स्थान पर और दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन तीसरे स्थान पर रहा। सर्वेक्षण में कुल 720 स्टेशन शामिल किए गए थे।

5. यूनेस्को ने किस मैक्सिकन अभिनेत्री को स्वदेशी लोगों के लिए यूनेस्को सद्भावना राजदूत यालित्जा अपेरिसियो को नियुक्त किया।
नोट: अपेरिसियो जातिवाद के खिलाफ संघर्ष और महिलाओं एवं स्वदेशी लोगों के अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्हें अल्फोंस क्युरोन की फिल्म रोमा में शिक्षक बनने के लिए पढ़ाई के दौरान अभिनय करने हेतु चुना गया था। टाइम पत्रिका (अमेरिका) ने उन्हें वर्ष 2019 में दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया।

6. तीन वैज्ञानिक जिन्होंने ब्रह्मांड के क्रमिक विकास और ब्रह्मांड में पृथ्वी के स्थान की समझ में योगदान के लिए **नोबेल पुरस्कार 2019** जीता -- **जेम्स पीबल्स, मिशेल मेयर और डिडिएर क्यूलॉज।**
नोट: पुरस्कार का आधा भाग जेम्स पीबल्स को भौतिक ब्रह्मांडिकी में सैद्धांतिक खोजों के लिए और दूसरा आधा भाग संयुक्त रूप से मिशेल मेयर और डिडिएर क्यूलॉज को एक सौर तारे की परिक्रमा करते बहिर्ग्रह (एक्जोप्लैनेट) की खोज के लिए दिया गया। यह पुरस्कार 10 दिसंबर (नोबेल की मृत्यु की वर्षगांठ) को स्टॉकहोम में आयोजित होने वाले एक वार्षिक समारोह में प्रदान किया जाता है।

7. लिथियम-आयन बैटरी के अग्रदूत जिन्हें रसायन का 2019 नोबेल पुरस्कार **जॉन बी. गुडइनफ, एम. स्टेनली व्हिटिंघम और अकीरा योशिनो को** प्रदान किया गया।
नोट: लिथियम आयन बैटरी ने वर्ष 1991 में पहली बार बाजार में प्रवेश करके हमारे जीवन में क्रांति ला दी है। बैटरी से चलने वाले दैनिक उपयोग के उत्पाद स्मार्टफोन, लैपटॉप और यहां तक कि इलेक्ट्रिक वाहन भी हैं। रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार से वर्ष 1901 और 2018 के बीच 180 बार 110 व्यक्तिगत लोगों को सम्मानित किया गया है। श्री गुडइनफ 97 वर्ष की आयु में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले सबसे वरिष्ठ प्राप्तकर्ता हैं। मलाला यूसुफजई (17 वर्षीय) नोबेल पुरस्कार (नोबेल शांति पुरस्कार 2014) की सबसे कम उम्र की विजेता हैं।

8. वरिष्ठ भारतीय वन सेवा अधिकारी **रमेश पांडे ने** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा प्रतिष्ठित **एशिया पर्यावरण प्रवर्तन पुरस्कार** के लिए चुना गया।
नोट: लखनऊ में मुख्य संरक्षक वन और सचिव (उत्तर प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड) के पद पर तैनात रमेश पांडे को शिकारियों पर उनकी जांच और खुफिया जानकारी जुटाने के लिए जाना जाता हैं। श्री रमेश पांडे 13 नवंबर को बैंकॉक में आयोजित होने वाले संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन केंद्र में पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

9. 2019 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार ऑस्ट्रियाई लेखक **हैंडके** को दिया गया।
नोट: वर्ष 2019 का साहित्य नोबेल पुरस्कार एक प्रभावशाली रचना के लिए दिया गया, इस रचना ने भाषाई सरलता के साथ मानव अनुभव की परिधि और विशिष्टता को खोजा है।

10. 2018 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार पोलैंड की लेखिका **ओल्गा तोकार्चुक** को दिया गया।
नोट: यह पुरस्कार एक कथात्मक कल्पना के लिए प्रदान किया गया जो विश्वव्यापी लालसा के साथ जीवन के एक स्वरूप की सीमाओं को पार करने का प्रतिनिधित्व करती है। तोकार्चुक एक सदी से अधिक समय में नोबेल साहित्य पुरस्कार जीतने वाली 15वीं महिला हैं।

11. अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री **निक हेग ने** रूस के शीर्ष राष्ट्रीय सम्मान **'रसियन ऑर्डर ऑफ करेज़'** से सम्मानित किया गया।

नोट: यह पुरस्कार निक हेग को एक वर्ष पहले एक रूसी अंतरिक्ष यान पर सवार होकर आपातकालीन समय में जीवित बचने के प्रयास के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रदान किया गया। अक्टूबर 2018 में, निक हेग ने एलेक्सी ओवचिनिन (रूसी अंतरिक्ष यात्री) के साथ, कजाकिस्तान के घास के मैदानों में एक नाटकीय आपातकालीन लैंडिंग की, जब उनके सोयूज प्रक्षेपण यान पर एक बूस्टर रॉकेट विफल हो गया। सोवियत के बाद के इतिहास में यह ऐसी पहली दुर्घटना थी।

12. नोबेल शांति पुरस्कार 2019 से **अबी अहमद अली को** सम्मानित किया गया।

नोट: उन्हें शांति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग हासिल करने के उनके प्रयासों और पड़ोसी देश इरीट्रिया के साथ सीमा विवाद को हल करने की उनकी निर्णायक पहल के लिए **नोबेल शांति पुरस्कार 2019** प्रदान किया गया। वर्तमान में, अबी अहमद अली संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य **इथियोपिया के प्रधान मंत्री** हैं (2 अप्रैल 2018 से)।नोबेल शांति पुरस्कार स्वीडिश उद्योगपति, आविष्कारक और आयुध निर्माता **अल्फ्रेड नोबेल** की वसीयत से स्थापित पांच नोबेल पुरस्कार (रसायन, शांति, भौतिक विज्ञान, शरीरविज्ञान या चिकित्सा और साहित्य) में से एक है।

13. **स्ट्रेलियाई खेल के सर्वोच्च व्यक्तिगत** सम्मान **'द डॉन' पुरस्कार** से **एश्ले बार्टी को** सम्मानित किया गया।

नोट: अब, वह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने वाले कैथी फ्रीमैन और इयान थोर्प जैसी खिलाड़ियों में शामिल हो गई हैं। बार्टी 46 वर्षों में फ्रेंच ओपन जीतने वाले पहली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी थीं और अब उनका लक्ष्य वर्ष 1973 में मार्गरेट कोर्ट के बाद से नंबर 1 रैंकिंग के साथ सत्र समाप्त करने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई महिला बनना है।

14. **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार चंडी प्रसाद भट्ट को** प्रदान किया जाएगा।

नोट: वर्ष 2017 और 2018 के लिए **31वां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता पुरस्कार** 'चिपको आंदोलन' के अग्रदूत **चंडी प्रसाद भट्ट** (85 वर्षीय) को प्रदान किया जाएगा। श्री भट्ट को यह पुरस्कार राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन देने और संरक्षित करने में उनके कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। भट्ट को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (वर्ष 1982), पद्म श्री (वर्ष 1986), पद्म भूषण (वर्ष 2005) और गांधी शांति पुरस्कार (वर्ष 2013) प्रदान किया गया है। श्री भट्ट को यह पुरस्कार (10 लाख रुपये का नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र) कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा 31 अक्टूबर (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि) पर जवाहर भवन में दिया जाएगा।

15. भारतीय नन **मरियम थ्रेसिया (केरल से) को पोप फ्रांसिस** द्वारा संत घोषित किया गया ।

नोट: मरियम थ्रेसिया को **जॉन हेनरी न्यूमैन** (इंग्लिश कार्डिनल), **मार्गुराईट बेयस** (स्विस लेवोमैन), **डुलस लोप्स** (ब्राजील की सिस्टर) और **गिउसेपिना वेन्निनी** (इतालवी सिस्टर) के साथ संत की उपाधि से विभूषित किया गया। विदेश राज्य मंत्री **वी. मुरलीधरन** ने समारोह में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। मरियम थ्रेसिया ने मई, 1914 में त्रिस्सूर में सिस्टर्स ऑफ होली फैमिली नामक धर्म सभा की स्थापना की थी।

16. **सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण 2019** के लिए यूनेस्को एशिया-प्रशांत पुरस्कारों में **चार** भारतीयों ने पुरस्कार जीते।

नोट: सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण 2019 के लिए यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) एशिया-प्रशांत पुरस्कारों की घोषणा मलेशिया के पेनांग में आयोजित एक समारोह में की गई। भारतीय को तीन श्रेणियों में चार पुरस्कार मिले। भारत के फ्लोरा फाउंटेन और मुंबई में तीन अन्य स्थल भारत से चुने गए चार स्थलों में से हैं।

17. **एडलगिव हुरुन इंडिया फिलैंथ्रॉपी लिस्ट 2019** में शीर्ष स्थान **शिव नाडर ने** हासिल किया।

नोट: श्री नाडर (HCL के संस्थापक और अध्यक्ष) ने परोपकारी कार्यों में 826 करोड़ रुपये (अप्रैल 2018 और मार्च 2019 के बीच) का सर्वाधिक योगदान दिया। अज़ीम प्रेमजी (विप्रो) को पात्रता अवधि के दौरान 453 करोड़ रुपये के कुल दान के साथ दूसरे स्थान पर रखा गया है। मुकेश अंबानी (अध्यक्ष, रिलायंस इंडस्ट्रीज) 402 करोड़ रुपये के योगदान के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

18. फ्रेंड्स टीवी शो की स्टार अभिनेत्री **जेनिफर एनिस्टन** ने 2019 पीपुल्स च्वाइस अवार्ड्स में **पीपुल्स आइकन अवार्ड** प्राप्त किया।
नोट: अभिनेत्री इस पुरस्कार की दूसरी प्राप्तकर्ता होगी। पिछले वर्ष, मेलिसा मैकार्थी ने पहले पुरस्कार की ट्रॉफी हासिल की थी। एनिस्टन ने सबसे प्रतिष्ठित, अविस्मरणीय किरदार निभाए हैं और छोटे तथा बड़े दोनों पर्दों पर कॉमेडी और नाटक में महारत हासिल की है।

19. उप-राष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** ने **पूर्व अटॉर्नी जनरल के. परासरन को सर्वाधिक विशिष्ट वृद्ध नागरिक पुरस्कार** (Most Eminent Senior Citizen Award) प्रदान किया।
नोट: श्री परासरन को वृद्ध जनों के कल्याण के लिए काम करने वाली संस्था, एज केयर इंडिया के वृद्धजन दिवस समारोह में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार श्री परासरन के कानून और न्याय के क्षेत्र में असाधारण योगदान के साथ-साथ उनके असाधारण व्यक्तित्व हेतु सम्मान है। उन्हें वर्ष 2003 में पद्म भूषण और वर्ष 2011 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

20. यूरोपीय संसद ने उइगुर बुद्धिजीवी **इल्हाम तोहती** को **सखारोव पुरस्कार** से सम्मानित किया।
नोट: उन्हें चीनी लोगों और उइगुर के बीच "संवाद बढ़ाने" के प्रयासों के लिए सखारोव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सखारोव पुरस्कार का नाम सोवियत विसम्मत व्यक्ति आंद्रेई सखारोव के नाम पर रखा गया है। इसकी स्थापना वर्ष 1988 में ऐसे व्यक्तियों या समूहों को सम्मानित करने के लिए की गई थी जो मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं।

21. भारतीय तेज गेंदबाज और बल्लेबाज जिन्होंने **विज़डन इंडिया अल्मनैक क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2019** का 7वां संस्करण जीता -- **जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना।**
नोट: बुमराह और मंधाना पांच पुरस्कार विजेताओं में से भारत के दो खिलाड़ी थे। एशिया के अन्य विजेताओं में पाकिस्तान के फखर ज़मान, श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने और अफगानिस्तान के राशिद खान थे।

22. भारत के पहले **अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार गांधी मंडेला पुरस्कार 2019** की शुरुआत **गांधी मंडेला फाउंडेशन ने** की।
नोट: यह पुरस्कार 2 अक्टूबर, 2019 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर घोषित किया गया और दिसंबर 2019 में भारत में आयोजित किया जाएगा।

23. नेपाली पर्वतारोही **निर्मल पुरजा** ने केवल 7 महीनों में **विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों** पर चढ़कर एक नया रिकॉर्ड बनाया।
नोट: नेपाली पर्वतारोही **निर्मल पुरजा** ने केवल 7 महीनों में 8,000 मीटर (26,250 फिट) से ऊंची **विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों** पर चढ़कर एक नया रिकॉर्ड बनाया।

खेल समाचार

1. जमैका की धाविका **शैली-एन फ्रेजर-प्राइस** ने दोहा में आयोजित **2019 IAAF विश्व चैंपियनशिप** की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।
नोट: यह उनका **चौथा महिला 100 मीटर विश्व खिताब** था। उन्होंने ब्रिटेन की यूरोपीय चैंपियन दीना अशर-स्मिथ को हराया जिन्होंने रजत पदक जीता जबकि मैरी-जोसे ता लू ने तीसरा स्थान हासिल किया।

2. बेंगलुरु में आयोजित **10वीं एशियाई आयु वर्ग चैंपियनशिप की 10 मीटर समकालिक** (सिंक्रोनाइज्ड) प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक **एन. विल्सन सिंह और सतीश कुमार प्रजापति ने** जीता।
नोट: इस जोड़ी ने **290.19 अंक हासिल करके उज्बेकिस्तान** के ज़ायनेटदिनोव मार्सेल और **ख़सानोव बोतिर** (280.53 अंक) की जोड़ी को हराया। इस प्रकार, भारत ने प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में अपने पदकों की कुल संख्या को 60 पदक (17 स्वर्ण, 23 रजत और 20 कांस्य) तक पहुंचाया, यह **चैंपियनशिप एशिया में सबसे बड़ी जलीय प्रतियोगिता** है।
3. भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी ने कतर के दोहा में आयोजित **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप** में महिला भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय बन गईं।
नोट: उन्होंने **62.43 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास** के साथ चैंपियनशिप के क्वालिफिकेशन राउंड के दौरान अपना स्वयं का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। अन्नू रानी मार्च **2019 में 62.34 मीटर के रिकॉर्ड** के साथ **वर्तमान राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक** हैं।
ग्रुप A और ग्रुप B से 63.50 मीटर के क्वालीफाइंग निशान तक पहुंचने वाले या 12 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करेंगे।
4. इंग्लैंड के **ऑलराउंडर बेन स्टोक्स** ने प्रोफेशनल **क्रिकेटर्स एसोसिएशन अवार्ड्स** में प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया।
नोट: ऑल-राउंडर स्टोक्स ने **इंग्लैंड को पहला ICC विश्व कप** (2019) जीतने में विशेष भूमिका निभाई थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के साथ एशेज ड्रॉ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समरसेट के टॉम बैंटन ने PCA यंग प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता, जबकि इंग्लैंड की गेंदबाज सोफी एक्लेस्टोन ने वोमन प्लेयर ऑफ द समर पुरस्कार जीता।
5. नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन ने भारत का पहला तैरता हुआ बास्केटबॉल कोर्ट मुंबई में स्थापित किया।
नोट: बास्केटबॉल कोर्ट बांद्रा-वर्ली सीलिंक के पास अरब सागर में बनाया गया है। भारत का पहला NBA खेल अक्टूबर में आयोजित होगा। पहला NBA खेल 4 अक्टूबर और 5 अक्टूबर को मुंबई के डोम, NSCI में SVP स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मैच रिलायंस फाउंडेशन जूनियर NBA कार्यक्रम के तहत खेले जाएंगे। इसके तहत, सैक्रेमेंटो किंग्स और इंडियाना पेसर्स के बीच मैच खेला जाएगा।
6. टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज -- रवींद्र जडेजा।
नोट: जडेजा ने भारत के 502 रन 7 विकेट पर पारी घोषित करने के जवाब में तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के दौरान डीन एल्गर (160) को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। आर. अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 200 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज हैं। उन्होंने 37 टेस्ट मैचों में 200 विकेट लिए। जबकि, जडेजा ने यह उपलब्धि हासिल करने में 44 टेस्ट मैच खेले।
7. जापान ओपन 2019 का खिताब नोवाक जोकोविच ने जीता।
नोट: यह 10वीं बार था जब नोवाक जोकोविच ने अपने टूर्नामेंट की शुरुआत में खिताब जीता था। जोकोविच लंदन में अगले महीने सत्र के अंतिम ATP फाइनल के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।
8. 2019 चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट नाओमी ओसाका ने जीता ।
नोट: नाओमी ओसाका ने ऑस्ट्रेलिया की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एश्ले बार्टी को हराकर चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 110 मिनट में चिली बीजिंग में 3-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। यह ओसाका के लिए वर्ष 2019 का तीसरा और अपने छोटे करियर में पांचवां खिताब था।
9. महिलाओं का हीरो इंडियन ओपन गोल्फ खिताब क्रिस्टीन वुल्फ ने जीता।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

नोट: आस्ट्रिया की क्रिस्टीन वुल्फ ने 6 अक्टूबर 2019 को हरियाणा के गुरुग्राम में अपना पहला महिला इंडियन ओपन गोल्फ खिताब जीता। यह महिला यूरोपीय टूर पर छह वर्ष बाद क्रिस्टीन का पहला खिताब था। नॉर्वे की मारिने स्कार्पनॉर्ड उपविजेता रहीं जबकि इंग्लैंड के मेघन मैक्लारेन प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहीं।

10. 100 T20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय भारतीय महिला क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर है।

नोट: उन्होंने सूरत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छठे T20I में यह उपलब्धि हासिल की। हरमनप्रीत कौर उन 10 महिला खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो मैच खेलने के मामले में तीन के आंकड़े तक पहुंची हैं। न्यूजीलैंड की सुजी बेट्स और ऑस्ट्रेलिया की एलीस पेरी 111 मैचों के साथ शीर्ष पर हैं।

11. अमेरिकी आर्टिस्टिक जिमनास्ट सिमोन बाईल्स जर्मनी के स्टटगार्ट में रिकॉर्ड 15वीं विश्व जिमनास्टिक चैंपियनशिप का खिताब जीता।

नोट: वह चैंपियनशिप में अपना 21वां पदक जीतकर सर्वाधिक पदक जीतने वाली महिला जिमनास्ट बनीं।बाईल्स ने अमेरिका द्वारा एक प्रभावशाली प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और चार वर्गों में से तीन- वॉल्ट, बैलेंस बीम और फ्लोर में सर्वाधिक अंक अर्जित किए।

12. जर्मनी के बर्लिन में जारी वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सुरेंदर सिंह ने तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए।

नोट: सुरेंदर ने 110 किग्रा वर्ग, क्लासिक रॉ में स्वर्ण पदक जीता और क्लासिक रॉ और सिंगल प्लाई में बेस्ट लिफ्टर का पुरस्कार जीता। तीन बार के विश्व चैंपियन मुकेश सिंह ने एक और स्वर्ण जीतकर अपने नाम पर एक और उपलब्धि दर्ज की और वह अब चार बार के एकमात्र विश्व चैंपियन हैं।

13. भारत की महिला क्रिकेट कप्तान मिताली राज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 20 से अधिक वर्षों तक रहने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं।

नोट:उन्होंने वडोदरा में पहले एकदिवसीय मैच में भारत को दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम पर आठ विकेट से जीत दिलाते हुए यह उपलब्धि हासिल की। मिताली (26 जून, 1999 को आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण) ने 50 ओवर के खेल में 20 वर्ष और 106 दिन पूरे किए। 1 फरवरी 2019 को न्यूजीलैंड महिला टीम के खिलाफ भारत की श्रृंखला के दौरान, मिताली राज 200 एकदिवसीय मैच खेलने वाली पहली महिला बनीं थीं।

14. जर्मनी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर बेस्टियन श्वेनस्टाइगर ने फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।

नोट: श्वेनस्टाइगर ने बेयर्न म्यूनिख में 17 सीजन बिताए और सभी प्रतियोगिताओं में कुल 500 मैच खेले और 68 गोल किए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, उनके 121 मैच ने उन्हें जर्मनी का चौथा सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ी बना दिया।वर्ष 2014 में, उन्होंने जर्मनी के साथ विश्व कप जीता।

15. महिला **विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2019** में कांस्य पदक से मैरी कॉम को संतोष करना पड़ा ।

नोट: मैरी कॉम को रूस में आयोजित महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2019 के सेमीफाइनल में हारने के बाद (51 किग्रा वर्ग में) कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। वह तुर्की की बुसेनाज़ केकीरोगलू के खिलाफ अपना सेमीफाइनल मुकाबला हार गईं। वर्ष 2019 AIBA महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप रूस के उलान-उडे में आयोजित की गई।

16. वियना में दो घंटे के अंदर पहली मैराथन दौड़ इलियुड किपचोगे ने पूरी की।

नोट: इलियड किपचोगे (ओलंपिक मैराथन चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक) ने 1 घंटे 59 मिनट और 40 सेकंड (42- किलोमीटर) में वियना के प्रेटर पार्क के चारों ओर दौड़ पूरी की। दौड़ के दौरान, किपचोगे एक कार के पीछे रहे और उन्हें 30 गति नियामकों (पेसमेकर्स) के दल द्वारा सहायता प्रदान की गई। किपचोगे ने अपनी 11 मैराथन में से 10 जीती हैं, पिछले वर्ष बर्लिन में 78

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

सेकंड से गत रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद 2:01:39 का आधिकारिक विश्व रिकॉर्ड कायम किया है।

17. पूर्व **भारतीय लेग स्पिनर अनिल कुंबले** ने वर्ष 2020 के संस्करण के लिए **इंडियन प्रीमियर लीग** (IPL) की फ्रेंचाइजी **किंग्स इलेवन पंजाब** का मुख्य कोच नियुक्त किया गया।
नोट: फ्रेंचाइजी के सह-मालिक मोहित बर्मन ने पुष्टि की कुंबले को निकट भविष्य के लिए टीम के "क्रिकेट से जुड़े सभी मामलों" का प्रभारी भी बनाया जा रहा है। यह नियुक्ति कुंबले को IPL में एकमात्र भारतीय कोच बनाती है। इससे पहले, कुंबले ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) के सलाहकार (मेंटर) के रूप में कार्य किया था, इस टीम को उन्होंने कप्तान रहते हुए वर्ष 2009 के IPL फाइनल में भी पहुंचाया था।

18. रूस के **उलान-उडे** में आयोजित **विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप** में रजत पदक से **मंजू रानी** को संतोष करना पड़ा।
नोट: रूस की एकातेरीना पलत्सेवा ने टूर्नामेंट के फाइनल मैच में रानी को 48 किलोग्राम वर्ग में 4 -1 से हराया।

19. स्टार धावक **दुती चंद** ने रांची में आयोजित **नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप** में महिलाओं के 100 मीटर के सेमीफाइनल में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।
नोट: उन्होंने 11.26 सेकंड के अपने **पिछले समय** (नया रिकॉर्ड -11.22 सेकंड) को पार किया जो उन्होंने इस वर्ष अप्रैल में एशियाई चैंपियनशिप में बनाया था। दुती ने बाद में अर्चना सुसेन्द्रन और हिमाश्री रॉय को पीछे छोड़ते हुए 11.25 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण हासिल किया।

20. अमेरिकी आर्टिस्टिक जिमनास्ट सिमोन बाइल्स ने विश्व जिम्नास्टिक चैम्पियनशिप में अब तक के सर्वाधिक पदकों के रिकॉर्ड पर कब्जा किया।
नोट: बाइल्स ने स्टटगार्ट में **विश्व चैंपियनशिप प्रतियोगिता** में अपने 24वें और 25वें विश्व पदक (दोनों स्वर्ण) जीतकर बेलारूस के विटाली शेरेबो के 23 विश्व पदकों के रिकॉर्ड (वर्ष 1990 के दशक में जीते) को पीछे छोड़ दिया। अब, सिमोन बाइल्स के नाम पर सर्वाधिक **विश्व चैंपियनशिप पदक** (25) के साथ-साथ किसी भी लिंग के एथलीट के लिए विश्व चैंपियनशिप इतिहास में सर्वाधिक स्वर्ण पदक (19) का रिकॉर्ड दर्ज है।

21. भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने नीदरलैंड के अल्मेरे में **डच ओपन पुरुष एकल का खिताब** जीतकर अपना पहला **BWF वर्ल्ड टूर खिताब** जीता।
नोट: लक्ष्य ने फाइनल में जापान के युसुके ओनोडेरा को 15-21,21-14,21-15 से हराया। डच ओपन एक BWF वर्ल्ड टूर सुपर 100 टूर्नामेंट है। इससे पहले, लक्ष्य ने बेल्जियम ओपन, एशियन जूनियर चैंपियनशिप, यूथ ओलंपिक खेलों में एक रजत पदक और विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2018 में कांस्य पदक जीता था।

22. **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद** ने **जिम्बाब्वे और नेपाल** देशों को ICC सदस्यों के रूप में पुन: शामिल किया।
नोट: जिम्बाब्वे क्रिकेट को इस वर्ष जुलाई में तत्काल प्रभाव से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया था। वर्ष 2016 में, नेपाल को 'सरकारी हस्तक्षेप' के कारण निलंबित कर दिया गया था।

23. मुंबई के युवा खिलाड़ी **यशस्वी जायसवाल** एकदिवसीय क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले दुनिया की सबसे युवा क्रिकेटर बने।
नोट: अपने पदार्पण विजय हजारे सत्र में खेलते हुए, यशस्वी जायसवाल (बाएं हाथ के बल्लेबाज) ने कर्नाटक के अलूर में झारखंड के खिलाफ 203 रन (154 गेंदों में - 12 छक्के और 17 चौके) बनाए। यशस्वी जायसवाल सूची A क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले सातवें और घरेलू सर्किट में चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। जायसवाल के तेज दोहरे शतक की सहायता से, मुंबई ने 50 ओवरों में 3 विकेट पर 358 रन बनाए और विपक्षी टीम को 319 रनों पर आउट कर दिया/

24. अर्जेंटीना के फुटबॉलर **लियोनेल मेसी** ने बार्सिलोना में एंटीगा फैब्रिका एस्ट्रेला डैम में आयोजित एक समारोह में अपना छठा **गोल्डन शू अवॉर्ड** प्राप्त किया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

नोट: यह पुरस्कार मेसी को वर्ष 2018-19 में यूरोप के शीर्ष डिवीजनों में सर्वाधिक गोल (36 गोल) करने के लिए दिया गया। इससे पहले, मेसी वर्ष 2009-2010 (34-गोल), 2011/12 (50 गोल), 2012/13 (46 गोल) और वर्ष 2016/17 (37 गोल), 2017/18 (34 गोल), 2018/19 (36 गोल) में यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। यह पुरस्कार उस खिलाड़ी को दिया जाता है जो प्रत्येक यूरोपीय नेशनल लीग के शीर्ष डिवीजन से सर्वाधिक लीग गोल करता है।

25. मर्सिडीज के ड्राइवर **वाल्टेरी बोटास** ने 2019 **जापानी ग्रैंड प्रिक्स** जीती।

नोट: फेरारी के सेबेस्टियन वेट्टेल (जर्मनी) और मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन (ब्रिटेन) को क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 2019 जापानी ग्रैंड प्रिक्स जापान के मिए प्रीफेक्चर के सुजुका स्थित सुजुका इंटरनेशनल रेसिंग कोर्स में आयोजित एक फॉर्मूला वन रेसिंग प्रतियोगिता थी।

26. पाकिस्तान के टेस्ट और T-20 के कप्तान **सरफराज अहमद को** बर्खास्त किया गया।

नोट: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के अनुसार, बल्लेबाज अजहर अली ऑस्ट्रेलिया में दो टेस्ट मैचों में टेस्ट टीम का नेतृत्व करेंगे। जबकि, बाबर आजम (25 वर्षीय) तीन T-20 मैचों में कप्तान होंगे। सरफराज पिछले दो वर्षों से खेल के तीनों प्रारूपों में कप्तान रहे हैं और वर्ष 2017 की ICC चैंपियंस ट्रॉफी खिताब के लिए पाकिस्तान का नेतृत्व किया।

27. बैडमिंटन में काहिरा में आयोजित मिस्र इंटरनेशनल 2019 में मिश्रित युगल खिताब **कुहू गर्ग और ध्रुव रावत ने** जीता।

नोट: गर्ग और रावत ने एक अखिल भारतीय फाइनल में उत्कर्ष अरोरा और करिश्मा वाडकर पर 21-16, 22-20 से जीत हासिल की। गर्ग, हालांकि, दोहरी खुशी पाने में असफल रहीं क्योंकि वह बाद में संयोगिता घोरपडे के साथ महिला युगल के फाइनल में हार गईं।

28. भारतीय साइकिल चालक **रोनाल्डो सिंह** ने दक्षिण कोरिया में आयोजित **एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप** में पुरुषों की जूनियर केइरिन प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

नोट: इससे पहले, रोनाल्डो सिंह ने नई दिल्ली में इस वर्ष सितंबर में ट्रैक एशिया कप के दौरान जूनियर एशियाई वर्ग में रिकॉर्ड बनाया था। रोनाल्डो के अलावा, जेम्स सिंह ने प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

29. इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) फ्रैंचाइजी **राजस्थान रॉयल्स** ने ऑस्ट्रेलियाई कोच **एंड्रयू बैरी मैकडोनाल्ड** को नए मुख्य कोच के रूप में नियुक्त किया गया।

नोट: पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर के पास विशिष्ट अनुभव है और उन्होंने लीसेस्टरशायर, विक्टोरिया और मेलबर्न रेनेगेड्स को प्रशिक्षण प्रदान किया है। इससे पहले, मैकडॉनल्ड वर्ष 2012-2013 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर द्वारा भर्ती किए जाने से पूर्व वर्ष 2009 IPL में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेल चुके हैं।

30. पूर्व भारतीय कप्तान **सौरव गांगुली** ने BCCI **(भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड) के 39वें अध्यक्ष** का पदभार संभाला।

नोट: उत्तराखंड के **माहिम वर्मा नए उपाध्यक्ष** बने। जय शाह (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र) को सचिव और अरुण धूमल (वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर के छोटे भाई) को कोषाध्यक्ष चुना गया।

31. मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) की आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया -- **ग्रीम स्मिथ और टिम मे।**

नोट: मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) वर्ष 1787 में लंदन में स्थापित एक क्रिकेट क्लब है।

32. तीनों प्रारूपों (टेस्ट, एकदिवसीय और T-20) में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज -- **रोहित शर्मा।**

नोट: 'हिटमैन' शर्मा ने फरवरी 2018 में एकदिवसीय में दूसरा और नवंबर 2018 में T-20 में सातवां स्थान हासिल किया था। श्रृंखला में 529 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे रोहित ने श्रृंखला से पहले के 44वें

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE

स्थान से लंबी छलांग लगाई। वह कोहली और चेतेश्वर पुजारा के बाद टेस्ट रैंकिंग में तीसरे सर्वश्रेष्ठ भारतीय बल्लेबाज हैं।

33. शंघाई में 48 किलोग्राम वर्ग में **वुशु विश्व चैंपियनशिप** का स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय व्यक्ति **प्रवीण कुमार है।**

नोट: वुशू एक चीनी मार्शल आर्ट है जिसमें फुल-कॉन्टेक्ट किकबॉक्सिंग, क्लोज रेंज पंच और किक्स, कुश्ती, टेकडाउन, थ्रो, स्वीप और किक्स कैच शामिल हैं।

34. अनुभवी ऑलराउंडर **अभिषेक नायर** ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की।

नोट: अभिषेक नायर ने 3 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ODI) मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 103 प्रथम श्रेणी के मैच (अधिकतम मुंबई के लिए) खेले, और डेढ़ दशक के करियर में 13 शतक एवं 32 अर्द्धशतकों के साथ 5749 रन बनाए और 173 विकेट लिए। उन्होंने 99 लिस्ट-A मैच भी खेले जिसमें उन्होंने 2145 रन बनाए और 79 विकेट लिए।

35. विस्तारित **24-टीम क्लब विश्व कप** के प्रथम संस्करण की मेजबानी **चीन** करेगा।

नोट: गिआनी इन्फेंटिनो (फीफा अध्यक्ष) ने फुटबॉल की विश्व शासी संस्था की निर्णय लेने वाली इकाई, फीफा परिषद की शंघाई में आयोजित बैठक के बाद घोषणा की। फीफा परिषद ने चीन को नए फीफा क्लब विश्व कप के मेजबान के रूप में नियुक्त करने का फैसला सर्वसम्मति से किया। कतर इस वर्ष और वर्ष 2020 में प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

36. बेंगलुरु में **विजय हजारे ट्रॉफी 2019-20 कर्नाटक ने** जीती।

नोट: यह कर्नाटक का चौथा विजय हजारे ट्रॉफी खिताब था, जिसमें उन्होंने तमिलनाडु के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाइनल में कर्नाटक की ओर से मयंक अग्रवाल (69 रन) और के.एल. राहुल (52 रन) नाबाद रहे और अभिमन्यु मिथुन ने 5/34 के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया।

37. **वर्ल्ड डेफ टेनिस चैंपियनशिप 2019** पृथ्वी शेखर ने जीती।

38. ICC अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप 2020 के 13वें संस्करण की मेजबानी **दक्षिण अफ्रीका** करेगा।

नोट: ICC अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप 2020 में कुल 16 टीमें भाग लेंगी, जिसमें मेजबान दक्षिण अफ्रीका भी शामिल है।

39. बैडमिंटन फ्रेंच ओपन 2019 में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी - **सतविकसाईंराज रणकीरेड्डी और चिराग शेट्टी।**

नोट: सात्विक और चिराग ने इस वर्ष अगस्त में थाईलैंड ओपन में अपना पहला सुपर 500 खिताब जीता था। यह पहली बार था जब कोई भारतीय पुरुष युगल जोड़ी वर्ल्ड टूर 750 फाइनल में पहुंची।

40. मैक्सिको ग्रैंड प्रिक्स खिताब के विजेता -- **लुईस हैमिल्टन।**

नोट: यह मर्सिडीज के लिए सत्र की उनकी 10वीं जीत थी। जर्मन रेसिंग ड्राइवर फेरारी के सेबस्टियन वेटेल और फिनलैंड के मर्सिडीज के रेसिंग ड्राइवर वाल्टेरी बोटास क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

--------------0--------------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All Mock Tests of State PCS Exams
CHECK HERE